

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 112
भोपाल, शुक्रवार
13 जून 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 16 जून को आम लोगों के लिए खोला जाएगा जीएमसी...

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कॉलिन अपने लुक को लेकर.... 06




### इजराइल-ईरान तनाव पर विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता

इस्राइल–ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम स्थिति पर करीबी से नजर रख रहे हैं। हमने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि हम ईरान और इस्राइल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बेहद चिंतित हैं। हम परमाणु स्थलों पर हमलों से संबंधित रिपोर्टों सहित उभरते हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। दोनों देशों को स्थिति को ठीक करने और अंतर्निहित मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का उपयोग करना चाहिए।

## इजरायल ने 200 फाइटर जेट्स से की ईरान पर स्ट्राइक

# पूरा ईरान दहला, 4 एटमी ठिकाने तबाह

**ईरान के दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत**

**ईरान का इजराइल पर जवाबी हमला, 100 ड्रोन दागे**

**परमाणु संयंत्रों पर इस्राइल के हमले के बाद ईरान का पलटवार, खामेनेई बोले- कड़ी सजा देंगे**

## *इजराइल के ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के बाद ईरान ने अगले आदेश तक के लिए देश का एयर स्पेस बंद कर दिया*

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इजराइल ने आज सुबह ईरान के एटमी और दूसरे सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया है। इसमें ईरान के 2 बड़े सैन्य अधिकारी और 2 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने मीडिया चैनल को बताया कि राजधानी तेहरान में शाहरक शाहिद महालती नामक जगह पर हमला हुआ। यहां पर हाई रैंक वाले ईरानी सैन्य अफसर रहते हैं। हमले में 3 इमारतें तबाह हो गई हैं। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने दावा किया कि ईरान गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार बना रहा है और उसके पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने लायक सामग्री है। इसे रोकने के लिए यह हमला किया गया।

इजरायल द्वारा ईरान के प्रमुख सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर लक्षित हमले शुरू करने के बाद मध्य पूर्व एक खतरनाक तनाव के कगार पर पहुंच गया है। इजरायली रक्षा बलों ने पुष्टि की है कि उनके सैन्य अभियान का पहला चरण अब पूरा हो गया है। ईरान ने पूरे देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है, क्योंकि केरमानशाह, लोरेस्तान और राजधानी तेहरान के कुछ हिस्सों सहित कई प्रांतों में विस्फोटों की सूचना मिली है। ईरानी सेना हाई अलर्ट पर है। ईरान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, परमाणु प्रतिष्ठानों और वैज्ञानिकों को इजरायल द्वारा टारगेट करने से स्थिति और अधिक भड़क गई है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।



### 200 फाइटर जेट्स से की स्ट्राइक

आईडीएफ ने कहा, 'हम अब पुष्टि कर सकते हैं कि ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, आईआरजीसी के कमांडर और ईरान के आपातकालीन कमांड के कमांडर सभी 200 से अधिक लड़ाकू विमानों द्वारा ईरान भर में किए गए इजरायली हमलों में मारे गए। ये तीन क्रूर सामूहिक हत्यारे हैं जिनके हाथ अंतरराष्ट्रीय खून से रंगे हैं। उनके बिना दुनिया एक बेहतर जगह है।'

### नेतन्याहू बोले– ईरान हमारे लिए खतरा

इजराइल सेना ने कहा कि यह 'प्री–एम्पटिव स्ट्राइक' थी। यानी खतरे को भांपकर इजराइल ने हमला किया, ताकि ईरान कोई बड़ी कार्रवाई न कर सके। इजराइली सेना ने यह भी कहा कि आगे और भी ऐसे कई हमले हो सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान चोरी–छिपे परमाणु हथियार बना रहा था। यह हमारे देश के लिए खतरा था। इसलिए हमारी सेना ने नतांज जैसे अहम परमाणु ठिकानों और ईरान के कुछ प्रमुख वैज्ञानिकों पर हमला किया। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए ये कदम उठा रहा है। ईरान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

### इजराइल के ईरान पर हमले से 700 अंक गिरा सेंसेक्स

मुंबई। इजराइल के ईरान पर हमले के बाद आज शेयर बाजार में गिरावट है। सेंसेक्स 700 अंक या 0.80 प्रतिशत गिरकर 81,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 200 अंक या 0.80 प्रतिशत की गिरावट है। ये 24,650 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एयरलाइन कंपनियों के शेयर भी टूटे हैं।

### ईरान का एयरस्पेस बंद, लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई लौटी

इजरायली हमले के बाद ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इस कारण एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 129, जो आज सुबह मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुई थी, वापस मुंबई लौट रही है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि हम ईरान में गंभीर रूप से चिंताजनक स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम न्यूक्लियर रेडिएशन लेवल के बारे में पता लगा रहे हैं और ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। हम देश में अपने निरीक्षकों के साथ भी संपर्क में हैं।

## पंजाब के पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरेजेसीं लैंडिंग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**


पंजाब के पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरेजेसीं लैंडिंग हुई है। पठानकोट के नंगलपुर थाने में पड़ने वाले गांव हलेड़ में शुक्रवार दोपहर को एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लेंडिंग की गई है। किसी तरह के कोई खतरे व नुकसान की बात नहीं है। हालांकि, कोई भी अधिकारी इमरजेंसी लेंडिंग के बारे में बात करने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि पठानकोट से अपाचे हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी थी। कुछ ही दूर उड़ान भरने के बाद हलेड़ गांव में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। गांव के खेत में एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की लैंडिंग को देखते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच गए। इमरजेंसी लैंडिंग को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं होने लगीं थीं।

## अंतर्मना उवाच

***रोग और आग को कभी छोटा ना समझें.. अन्यथा अनर्थ होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा..!***

*आज हर व्यक्ति रोग और मौत से भयभीत होकर जीवन जी रहा है। फिर वो बीमारी अपनी हो या अपने परिजनों की हो या मित्र की हो -- **स्वास्थ्य को लेकर सब चिंतित और परेशान है।** हम जितना बचें बीमारियों से, उतना ही बेहतर है। **हमेशा सावधान रहें अपनी लापरवाही और स्वयं की बेपरवाह से,** क्योंकि-*

- *बीमार होना सरल है पर ठीक होना बहुत कठिन है।*
- *मरना सरल है लेकिन मर मर कर जीना या बीमार होकर जीना बहुत कठिन है।*



दिगम्बर जैन मंदिर, प्रीतमपुरा, दिल्ली में प्रतिदिन की भांति धूप, भीषण गर्मी में जाप–तप–सामायिक साधना करते तपोशिरोमणि अंतर्मना गुरुदेव आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज

***हम जानते हैं** – इस दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है, जो पूर्णतया रोगों से मुक्त हो, बीमार होने की अनेकानेक वजह हो सकती है। **बीमारियां छोटी बड़ी नहीं होती है, बीमारी तो बीमारी होती है।** यदि हम बीमार पड़ते हैं तो फिर वो कोई भी बीमारी हो, सबसे पहले हम उसे स्वीकार करें और उपचार की बुनियादों से अपनी वर्तमान स्थिति को संभाले,, क्योंकि मानव शरीर अति संवेदनशील है। इस पर हर तरह की बातों का असर होता है। **अगर हमारे शरीर के साथ कुछ गलत होता है, तो यह रोग दो गुना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।***

***ध्यान रखें** – कभी भी अपनी बीमारी को सबसे शेयर ना करें, उनसे शेयर करें जिनके पास आपकी बीमारी का इलाज हो, समाधान हो। अन्यथ: **लोग सामने दु:ख जतायेंगे और आपकी पीठ पीछे लड्डू खिलायेंगे...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### अहमदाबाद विमान हादसा: प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे का लिया जायजा

# अब तक 297 मौतें, घायलों से मिले मोदी

## पीएम मोदी ने किया पोस्ट, लिखा– शब्दों में बयां नहीं कर सकते पीड़ा

- **सरकार ने जांच के लिए हाई लेवल कमेटी बनाई**
- **प्लेन क्रैश साइट पर एनएसजी की टीम जांच के लिए पहुंची**

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

अहमदाबाद में कल हुए प्लेन हादसे में अब तक 297 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में सिर्फ एक यात्री की जान बच पाई है। मृतकों में 229 लोग यात्री थे, जबकि 12 विमान के क्रू मैंबर्स थे। इसके अलावा प्लेन क्रैश करने के बाद जिस मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा था वहां मौजूद 56 लोगों की भी जान चली गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हादसे वाली जगह पहुंच गए हैं। कल गृह मंत्री अमित शाह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया था। इस बीच विमान हादसे की जांच भी तेज हो गई है। सरकार ने जांच के लिए हाई लेवल कमेटी बनाई है। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में होगा।



### अधिकारियों संग बैठक कर रहे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्लेन हादसे की घटना को लेकर अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसके पहले पीएम मोदी ने घटना स्थल का जायजा लिया था। अस्पताल में पहुंच कर घायलों से मुलाकात भी की थी। एअर इंडिया ने फ्लाइट संख्या– एआई 171 पर सवार यात्रियों के परिवारों और प्रियजनों की सहायता करने और उनकी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली और गैटविक एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित किए हैं। अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 1338 बजे टेकऑफ हुआ था। एअर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787–8 मॉडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे।



### अहमदाबाद हादसे में घायलों से मिले पीएम मोदी... जीवित बचे यात्री से पूछा हाल

पीएम मोदी ने घटनास्थल का जायजा लिया. यहां वह 10 मिनट तक रुके और फिर सिविल हॉस्पिटल पहुंचे, जहां इस हादसे में घायल हुए लोगों का इलाज चल रहा है। अहमदाबाद विमान हादसे में इकलौते बचे शख्स विश्वकुमार रमेश से भी पीएम मोदी ने अस्पताल में पहुंचकर मुलाकात की। पीएम मोदी ने रमेश विश्वकुमार रमेश का हाथ पकड़ा और उसे हौसला दिया। इस दौरान विश्वकुमार रमेश के चेहरे पर सुकून के भाव देखे जा सकते थे। विश्वास ने बताया कि मेरी सीट प्लेन के जिस हिस्से में थी, वो बिल्डिंग के निचले हिस्से से टकराया होगा।



### डीएनए सैंपल की जांच जारी....

### अब तक पांच शवों की पहचान हुई, परिजन को सौंपे गए

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम रूम में कल से ही 70 से 80 डॉक्टरों की टीम तैनात है। अब तक पहचाने गए पांच शवों को सम्मान के साथ उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इनमें राजस्थान के 2, भावनगर के 2 और मध्य प्रदेश का 1 शव शामिल है। प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। सिविल अस्पताल में परिजन पोस्टमॉर्टम रूम के बाहर शव मिलने का इंतजार कर रहे हैं। यहां अपनों को खोने पर लोग रोते बिलखते नजर आ रहे हैं।

### जहर पीकर किसान ने की थी आत्महत्या

## नायब तहसीलदार, पटवारी, बाबू और एक कर्मचारी निलंबित

**देपालपुर ■ अमृतदर्शन**

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के देपालपुर नायब तहसीलदार, पटवारी, बाबू और एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। देपालपुर में किसान की आत्महत्या मामले प्रशासनिक लापरवाही सामने आई थी।

मामले में अपर कलेक्टर और संभागायुक्त दीपक सिंह ने निलंबन की सख्त कार्रवाई की है। संभाग आयुक्त ने नायब तहसीलदार जगदीश रंधावा, पटवारी अलकेश गुप्ता और बाबू सहायक ग्रेड 3 रीना कुशवाह को निलंबित कर दिया है। वही पूर्व में निलंबित राजस्व निरीक्षक नरेश विवलकर की विभागीय जांच के आदेश जारी किए है। बता दें कि बीते दिन मंगलवार को देपालपुर के ललेड़ीपुरा के किसान ने इंदौर कलेक्टर कार्यालय में जनसुवाई के दौरान जहर का तरल पदार्थ पी लिया था।

इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में किसान की मौत हो गई थी। बीते दिनों किसान की मौत के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ था।

### प्लेन में बम होने की मिली थी धमकी

## दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



**विमान में 156 यात्री सवार थे**

थाईलैंड में एअर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने एयरपोर्ट के अफसरों के हवाले से बताया है कि यह फ्लाइट थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही थी और इसी दौरान विमान में बम होने की धमकी मिली थी। इसके बाद थाईलैंड में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 156 यात्री सवार थे। एक अफसर ने रॉयटर्स को बताया कि फ्लाइट संख्या एआई 379 के एयरपोर्ट पर उतरने के बाद इसमें सफर कर रहे यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है। फ्लाइट ट्रैकर 24 के अनुसार, विमान ने शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे फुकेट एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी लेकिन बम की धमकी मिलने के बाद यह अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए वापस थाई द्वीप पर उतर गया।

### अब तक की सबसे तेज उछाल

## सोना ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड... 1 लाख के पार पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

इजरायल का ईरान की राजधानी तेहरान पर अटैक के बाद गोल्ड की कीमत में भारी उछाल दिखाई दे रहा है। एमसीएक्स पर सोना 1 लाख रुपये के पार पहुंच चुका है। इस उछाल के साथ ही इतिहास बना दिया है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत पहली बार 1,00,000 प्रति 10 ग्राम के पार पहुंची है। इस लेवल पर पहुंचने में गोल्ड को सिर्फ 74 दिन का वक्त लगा है।

यह अब तक की सबसे तेज उछाल है। गोल्ड ने इस साल निवेशकों को मार्केट से भी ज्यादा रिटर्न बनाकर दिया है, जिसने यह साबित किया है कि



गोल्ड आज भी मुसीबत में काम वाला असेट है। इसके अलावा, चांदी का भाव भी रिकॉर्ड बना रहा है। एमएक्स पर चांदी का भाव 1 लाख 6 हजार प्रति किलो के पार है, जो कुछ दिन पहले 96 हजार के करीब था। जानकारों का कहना है कि ईरान पर इजरायल के हमले से जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### जबलपुर में पुलिस ने जब्त किया 12.60 लाख का गांजा

**जबलपुर।** जबलपुर की बरगी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार में लोड 63 किलो अवैध गांजा जब्त किया है। हालांकि, गांजा तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने कार से 12 लाख 60 हजार रुपए कीमत का गांजा, तीन मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद किया है। इन्हीं सुरागों के आधार पर तस्करों की तलाश शुरू कर दी गई है। दरअसल, जबलपुर एसपी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक बिना नंबर की लग्जरी कार में सिवनी से जबलपुर की ओर भारी मात्रा में गांजा लेकर आ रहे हैं, जिसे शहर में खपाने की योजना है। इस इनपुट पर बरगी नगर चौकी प्रभारी और क्राइम ब्रांच की टीम को अलर्ट किया गया।

### खंडवा में 400 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में 137 मकान-दुकान जमींदोज

**खंडवा।** खंडवा शहर के बीचोंबीच स्थित शक्कर तालाब के किनारे गुरुवार को नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटाया। टीम ने जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से 137 घर और दुकानों को जमींदोज कर दिया। आरोप है कि टीम जब पहुंची तब परिवार अपने घरों में सो रहे थे। इस कार्रवाई पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने सवाल उठाए है। उनका कहा है कि सरकार भू-माफियाओं के लिए काम कर रही है। स्व. हुकुमचंद यादव के विधायक रहते जिन परिवारों को पट्टे दिए गए, उनकी बहू BJP महापौर उन्हें उजाड़ रही है।

### पचमढ़ी में बीजेपी नेताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कल से

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के सभी भाजपा विधायकों, सांसदों और मंत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल यानी 14 जून से पचमढ़ी में शुरू होगा। यह प्रशिक्षण 16 जून तक चलेगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि समापन सत्र में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण में जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा, संगठन की कार्यशैली, पार्टी की नीति-रीति, पब्लिक डीलिंग और मोबाइल मैनेजमेंट जैसे विषयों पर अलग-अलग सत्र होंगे। कार्यक्रम पचमढ़ी की ग्लेन व्यू होटल परिसर में डोम लगाकर किया जा रहा है। शिविर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत सभी भाजपा विधायक, लोकसभा-राज्यसभा सांसद और मंत्री शामिल होंगे।

### हाईवोल्टेज लाइन से टकराया झूला, 3 की मौत, 4 झुलसे

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार झुलस गए। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे श्री पैलेस गार्डन में हुआ। सभी मजदूर शादी समारोह की तैयारी के लिए झूला लगा रहे थे, तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से झूला टकरा गया। हादसे में राजकुमार साहू, पूरन जाटव और पीयूष की मौके पर ही मौत हो गई।

---

#### जबलपुर में सफाईकर्मियों को बरसाती बांटने में मची लूट

# सम्मान समारोह बना विवाद का मंच, विपक्ष ने कहा- शर्मनाक आयोजन

**जबलपुर ■ निसं**



जबलपुर नगर निगम द्वारा शहर के 5 हजार सफाई कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित भव्य कार्यक्रम की तस्वीरें अब सवालों के घेरे में हैं। शुरुआत में मंच पर जहां सब कुछ गरिमा के साथ संचालित हो रहा था, वहीं कुछ देर बाद हालात पूरी तरह बिगड़ गए। बरसाती वितरण के दौरान अव्यवस्था इतनी बढ़ गई कि लूट जैसी स्थिति बन गई। सफाईकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की और छीना-झपटी के दृश्य सामने आए। इस घटनाक्रम के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसके बाद विपक्ष ने इसे 'सम्मान नहीं, अपमान' बताया और नगर निगम प्रशासन को घेरा।

**मंच पर मौजूद थे मंत्री, सांसद और महापौर:** दो दिन पहले घंटाघर स्थित कन्वेंशन सेंटर में नगर निगम द्वारा सफाईकर्मियों के सम्मान के लिए विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कई विधायक और निगमायुक्त भी मौजूद रहीं। मंच पर परम पूज्य संतों द्वारा एक साथ 5 हजार सफाई संरक्षकों का तिलक कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों का सामाजिक सम्मान बढ़ाना और उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना था। मंचीय कार्यक्रम पूरी गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। लेकिन जब सम्मान स्वरूप कर्मचारियों को बरसातियां वितरित करने की बारी आई, तो व्यवस्थाएं बिखर गईं।

**बरसातियों के वितरण में दिखी लापरवाही:** जैसे ही बरसातियों का वितरण शुरू हुआ, मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें एक-एक कर देने की बजाय फैंकना शुरू कर दिया। इससे कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सफाईकर्मी बरसातियां पकड़ने के लिए एक-दूसरे पर टूट पड़े। यह दृश्य कैमरों में कैद हो गया और वीडियो सामने आते ही विपक्ष ने कार्यक्रम की नीयत पर सवाल उठाना शुरू कर दिया।

**विपक्ष ने बताया-'सम्मान नहीं, अपमान':** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अमरीश त्रिवेदी ने कहा- सम्मान की बात कहकर कर्मचारियों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें खुले में बरसातियां फेंककर दी गईं। यह अपमानजनक है। यह सिर्फ फोटो खिंचवाने और दिखावे का आयोजन था। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि यदि कार्यक्रम में 5 हजार कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया था, तो समान रूप से सम्मान देना नगर निगम की जिम्मेदारी थी।

---

# हत्याकांड का प्रेमी राज ही था मास्टर माइंड, शादी के पहले ही बना ली थी योजना

**इंदौर ■ निसं**



राजा ने हत्या के लिए शिलांग गए उसके दोस्त विशाल व अन्य तीन आरोपियों को तैयार किया था। तीनों के उसने टिकट कराए थे। विशाल को उसने सिम भी दी थी। शिलांग से सोनम राजा को लोकेशन भेजती थी, उसे राज आरोपियों को फारवर्ड करता था। शिलांग पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में बड़ा खुलासा किया है। शिलांग के एसपी एसपी विवेक सियोम ने सोनम और राज से पूछताछ के आधार पर बड़े खुलासे किए हैं। प्रेस कानफ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह ही था। उसने ही हत्या की पूरी प्लानिंग की थी।

उन्होंने बताया कि राज कुशवाह इस हत्याकांड का मास्टर माइंड था। राजा को मारने की प्लानिंग शादी के 11 दिन पहले ही राज और सोनम ने बनाई थी। 2 जून को राजा का शव शिलांग की गहरी खाई में मिला था। इस दौरान सोनम इंदौर में ही मौजूद थी। सोनम गुवाहाटी से पटना, लखनऊ होते हुए इंदौर आई थी। उसके बाद 7 जून को वह राज के साथ गाजीपुर के लिए निकल गई।

सोनम ने बताया कि परिवार के दबाव में उसने राजा से शादी की थी। राजा की हत्या के लिए शिलांग गए। दोस्त विशाल और अन्य तीन आरोपियों को तैयार किया था। तीनों के टिकट उसने ही कराए थे। विशाल को उसने सिम भी दी थी। शिलांग से सोनम राज को लोकेशन भेजती थी, उसे राज आरोपियों को फारवर्ड करता था। राज ने इंदौर से आरोपियों के गुवाहाटी तक के टिकट कराए थे। रोज फोन पर उन्हें निर्देश देता था। राज खुद शिलांग नहीं गया था, लेकिन योजना उसने ही बनाई थी। जब सोनम इंदौर आई तो उसके रुकने का इंतजाम भी राज ने किया था। उसने सात हजार रुपये का किराना भी सोनम को खरीद कर दिया था।

---

# केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ने किए महाकाल के दर्शन, चांदी द्वार से पूजन, नंदी हॉल में लगाया ध्यान

**उज्जैन ■ निसं**




केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने पहुंचे। यहां उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और नंदी हॉल मे ध्यान भी लगाया। महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह बाबा महाकाल के दर्शन के दौरान भक्ति में लीन नजर आए।

उन्होंने चांदी द्वारा से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया। नंदी हॉल में पहुंचकर ध्यान लगाया। फिर नंदी जी का पूजन अर्चन कर उनके कानों में अपनी मनोकामना भी कही। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक प्रतीक द्विवेदी द्वारा उनका सम्मान किया गया। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद राजीव रंजन सिंह ने मीडिया से कहा कि यहां की दर्शन व्यवस्था काफी अच्छी है। मुझे यहां पर आकर पॉजिटिव एनर्जी का अहसास हुआ और मेरा जीवन धन्य हो गया।

**महाकाल के दर्शन करते केंद्रीय मंत्री:** राजीव रंजन सिंह को ललन सिंह के नाम से जाना जाता है। वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, जो 2024 से पंचायती राज के 11वें मंत्री और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी के तीसरे मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वे जनता दल (यूनाइटेड) से 17वीं लोकसभा में मुंगेर का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद भी हैं। वे 31 जुलाई 2021 से 29 दिसंबर 2023 तक जेडीयू (जनता दल यूनाइटेड) के राष्ट्रीय पार्टी अध्यक्ष थे। वे जेडी(यू) की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष भी थे। मई 2014 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद जून 2014 में उन्हें बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। वे भारत की 15वीं लोकसभा के सदस्य थे और बिहार के मुंगेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने भारत की 14वीं लोकसभा में बेगूसराय निर्वाचन क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया। ललन सिंह मुंगेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव जीते।

---

# डबरा में थार ने मारी बाइक में टक्कर, दो घायल

**डबरा।** डबरा के कमल टॉकीज चौराहे पर गुरुवार देर रात एक बिना नंबर की सफेद थार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मीट मार्केट निवासी अनुराग उर्फ राजा सोनी और उनके दोस्त रविन्द्र जोगी बाइक से बाजार जा रहे थे। बाइक रविन्द्र जोगी चला रहा था। सामने से आ रही थार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों युवक दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी शहर यशवंत गोयल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। रविन्द्र जोगी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अनुराग सोनी का इलाज डबरा में ही चल रहा है। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। वहीं गाड़ी के नीचे बाइक आ जाने के चलते वह थार नहीं ले गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल थार को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

---

# अहमदाबाद विमान हादसे में इंदौर की बहू की मौत, अपने पति से मिलने जा रही थी हरप्रीत

**इंदौर ■ निसं**



हरप्रीत ने पहले 19 जून का टिकट कराया था, लेकिन बेटे का जन्मदिन होने के कारण उन्होंने गुरुवार की फ्लाइट ली थी। हरप्रीत की मौत की खबर मिलने के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। पत्नी की मौत की जानकारी मिलने के बाद रॉबी भी शुक्रवार को इंदौर आ रहे है। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों में इंदौर की एक महिला की भी मौत हुई है। वह अपने पति से मिलने लंदन जा रही थी। पहले उन्होंने 19 जून का टिकट लिया था, लेकिन बाद में फ्लाइट बदल कर गुरुवार को रवाना हुई थी। विमान हादसे में अब तक 265 शव मलबे में मिल चुके है।

इंदौर के राजमोहल्ला क्षेत्र में रहने वाली हरप्रीत कौर अहमदाबाद से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई -171 में सवार हुई थी। राजमोहल्ला में रहने वाले होरा परिवार की बहू हरप्रीत के पति रॉबी होरा लंदन में काम करते है। हरप्रीत का मायका अहमदाबाद है। वह पहले इंदौर से अहमदाबाद गई थी और कुछ दिन अपने पिता से मिलने के लिए अहमदाबाद में रुकी थी।

हरप्रीत ने पहले 19 जून का टिकट कराया था, लेकिन बेटे का जन्मदिन होने के कारण उन्होंने गुरुवार की फ्लाइट ली थी। हरप्रीत की मौत की खबर मिलने के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। पत्नी की मौत की जानकारी मिलने के बाद रॉबी भी शुक्रवार को इंदौर आ रहे है। यहां से वे अपने परिजनों के साथ फिर अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे।

---

#### ऑनलाइन डॉग खरीदने के नाम पर ठगी, महिला का सुसाइड

# ट्रांसपोर्टर की पत्नी ने जहर खाकर ठगों को भेजा वॉइस मैसेज

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में ऑनलाइन ठगी होने पर एक महिला इतना घबरा गई कि उसने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। महिला ने डॉग खरीदने के लिए एक वेबसाइट पर कॉन्टैक्ट किया था। ठगों ने महिला के वॉट्सएप पर डॉग की तस्वीरों के साथ क्यूआर कोड भेजा। इसे स्कैन करने पर महिला के खाते से 1 लाख 93 हजार रुपए डेबिट हो गए। इसी के बाद वह तनाव में आ गई।

महिला ने बुधवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जहर खाने के बाद महिला ने ठगों को वॉइस रिकॉर्डिंग भेजी, जिसमें उसने कहा - कब से 10-10 मिनट बोल रहे हो, लेकिन पैसे नहीं आए। अब मैंने जहर खा लिया है और मेरे बच्चे थाने जा रहे हैं। अगर आना है तो जल्दी पैसे लेकर आओ।

### इतना घबरा गई कि जहर खा लिया

घटना ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना क्षेत्र स्थित भट्ट वाली पहाड़ी, कृष्णा नगर की है। यहां रहने वाली रीना प्रजापति (36) कुछ दिन से डॉग खरीदना चाह रही थी। इसके लिए वह ऑनलाइन साइट्स देख रही थी। 10 जून की शाम करीब 7:30 बजे एक फर्जी वेबसाइट पर पहुंच गई, जहां रीना को एक पपी दिखाया गया। पपी की कीमत 5 हजार रुपए बताई गई।

---

# कम्प्यूटर सेंटर के बाहर से छात्रा का अपहरण, बाइक में बैठाकर ले गए युवक, तलाश में जुटी पुलिस

**मंडला ■ निसं**




घटना को एक राहगीर ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन थाने पहुंचे और अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने वीडियो फुटेज और सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

मंडला में एक नामी कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान के बाहर से दिनदहाड़े एक 20 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर लिया गया। बताया जाता है कि कम्प्यूटर सेंटर के बाहर दो बाइक सवार युवक पहुंचे और छात्रा को फोन कर बाहर बुलाया। कुछ देर बातचीत के बाद युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार छात्रा की सहेली जो उस समय उसके साथ सेंटर में मौजूद थी। उसने बताया कि दोनों युवक पहले छात्रा से शांतिपूर्वक बातचीत कर रहे थे, लेकिन कुछ मिनटों बाद अचानक उन्होंने लड़की को जबरदस्ती बाइक पर बैठाया और वहां से तेजी से निकल गए। इस पूरे घटनाक्रम को पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। घटना के तुरंत बाद सहेली ने इसकी जानकारी सेंटर संचालक को दी, जिसके बाद परिजन को सूचना दी गई। परिजन तुरंत कोतवाली थाने पहुंचे और अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने पुलिस को वह वीडियो भी सौंपा है, जिसमें बाइक पर दो युवक और बीच में एक युवती बैठी हुई दिखाई दे रही है।

कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, वीडियो फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लड़की को घटना के कुछ घंटों बाद सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के कहानी गांव के पास देखा गया है। पुलिस ने तत्काल एक टीम कहानी गांव की ओर रवाना की है। साथ ही मंडला और आसपास के जिलों में नाकाबंदी कर दी गई है।

---

# इंदौर में महिला से ऑनलाइन ठगी, केस दर्ज

### टेलीग्राम ग्रुप से पार्ट टाइम जॉब का झांसा, 17 दिन में उड़ाए 24 लाख रुपए

**इंदौर ■ निसं**



इंदौर में सोशल मीडिया पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर इंदौर की एक महिला से 24 लाख 16 हजार रुपए की ठगी की गई। आरोपियों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए संपर्क कर धीरे-धीरे विश्वास जमाया और अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवा ली। पीड़िता की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, ठगी की शिकार महिला हेमलता चौरसिया, कनक सिटी में रहती हैं और मूलत: बाणगंगा क्षेत्र की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को उनके पास एक कॉल आया, जिसमें पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया गया। कॉल के बाद एक टेलीग्राम ग्रुप से उन्हें जोड़ा गया, जहां से एक लिंक भेजा गया। लिंक ओपन करने पर टास्क बेस्ड जॉब प्लेटफॉर्म दिखाई दिया, जहां रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें आईडी-पासवर्ड उपलब्ध कराया गया।

**क्रेडिट कार्ड से शुरू हुई ट्रांजैक्शन की चेन:** हेमलता ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने एसबीआई के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए आरोपियों द्वारा बताए गए केनरा बैंक खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद सेंट्रल बैंक खाते से आरोपियों ने उनके अकाउंट में 14 हजार और 1700 रुपए भेजकर विश्वास दिलाया। टास्क पूरा करने पर रिवॉर्ड देने का वादा किया गया।

इसके बाद जब हेमलता ने 32 हजार रुपए डाले तो उन्हें 38 हजार वापस मिले, जिससे उनका भरोसा और मजबूत हो गया। फिर आरोपियों ने टास्क अमाउंट बढ़ाने के लिए कहा।

### भाई का अकाउंट भी किया इस्तेमाल

ठगों का भरोसा जीतने के बाद हेमलता से कई बार और ट्रांजैक्शन कराए गए। उन्होंने अलग-अलग क्रेडिट कार्ड और अपने भाई संजय के बैंक अकाउंट से भी मोटी रकम ट्रांसफर की। करीब 17 दिनों में कुल 24 लाख 16 हजार रुपए आरोपियों के बताए बैंक खातों में डलवा दिए गए।

---

# हिंदुओं से क्यों परेशान हैं रामलला मंदिर के महंत, कलेक्ट्रेट पहुंच इस्लाम अपनाने की कही बात

**छतरपुर ■ निसं**



छतरपुर जिले के बारी गांव में स्थित प्राचीन रामलला मंदिर का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रोज मंदिर के पुजारी ने जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो इस्लाम धर्म अपना लूंगा। पुजारी की बातों को सुन अधिकारियों के होश उड़ गए। जिला मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर गांव बारी में स्थित रामलला सरकार के मंदिर का विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। बात इतनी बढ़ गई कि पुजारी ने दबंगों की प्रताड़ना से तंग आकर जनसुनवाई में अधिकारियों के सामने इस्लाम धर्म अपनाने की घोषणा कर दी। पुजारी की बात सुनकर खड़े लोग हैरान रह गए।

दरसल मामला छतरपुर जिले के वारी गांव में बने प्राचीन मंदिर रामलला के कब्जे को लेकर है। पिछले दिनों 19 अप्रैल को बारी गांव में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार के की ओर से गांव में चौपाल लगाई गई थी। चौपाल में गांव के कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि मंदिर में दर्शन करने नहीं जाने दिया जा रहा है। मंत्री के निर्देश पर छतरपुर स्ष्ठरू अखिल राठौर मंदिर जांच करने पहुंचे। उनके साथ नायब तहसीलदार और पटवारी मंदिर भी मौजूद थे, लेकिन सरकारी अधिकारियों को देख वहां मौजूद लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। एसडीएम और नायब तहसीलदार से मारपीट और धक्का-मुक्की होने लगी, जिसपर SDM के निर्देश पर नायब तहसीलदार अंजू सिंह की शिकायत पर गढ़ीमलहरा थाने में पुजारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उनको जेल भेज दिया गया था। तब तक मंदिर पर गांव के करण सिंह, मंगल सिंह, शीलू तिवारी ने गिरोह बनाकर कब्जा कर लिया।

### नहीं मिला न्याय तो इस्लाम धर्म अपनाएंगे

कलेक्टर की जनसुवाई में पहुंचे बारी गांव रामलला मंदिर के पुजारी और सेवादार ने कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय की मांग की और अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा मंदिर सठिया के महंत रामदास ने बताया वारी रामलला मंदिर भी हमारे अखाड़े का मंदिर है, लेकिन उस पर कब्जा कर लिया गया। पूजा नहीं करने दी जा रही है। लगातार शिकायतें कर रहे हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अगर अब न्याय नहीं मिला तो हम इस्लाम धर्म कुबूल कर हिन्दू धर्म त्याग देंगे। आरोप है कि हमें हिन्दू लोग ही सता रहे हैं। मंदिर में पूजा नहीं करने दे रहे, हम परिवार और सभी सेवादारों सहित इस्लाम में चले जाएंगे। मुझे मंदिर से भगा कर जुआरी, शराबियों ने अड्डा बना लिया है।

---

# नाबालिग से किया दुष्कर्म, फिर दोस्त के साथ दोबारा की गैंगरेप की कोशिश, दो पर मामला दर्ज

**छिंदवाड़ा ■ निसं**



पहले दुष्कर्म हुआ तो डर के मारे चुप रही नाबालिग। आरोपी ने दोस्त के साथ दोबारा से फिर वही हरकत करने की कोशिश की तो पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में गुस्से और आक्रोश का माहौल है।

छिंदवाड़ा जिले के तामिया थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और बाद में दोबारा दुष्कर्म की कोशिश का मामला उजागर हुआ है। पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और दो युवकों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी मोहित साहू ने करीब चार महीने पहले नवरात्रि के दौरान उसे जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह डर के मारे चुप रही। इसके बाद 11 जून की शाम करीब पांच बजे आरोपी मोहित अपने साथी मौसम साहू के साथ फिर से आया और जबरन लड़की को घर के सामने से उठा ले गया। दोनों ने उसे कार में बैठाकर जंगल की ओर ले जाकर फिर से दुष्कर्म की कोशिश की। इस दौरान उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ भी की गई। आरोपियों ने दोबारा जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लिया जाएगा।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में फ्रांस के भारत में राजदूत डॉ थिएरी मथो ने शिष्ट मंडल के साथ भेंट की। इस अवसर पर पर्यटन और उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


### नदियाँ हो रही हैं पुनर्जीवित, जल संरक्षण में शासन और समाज की सहभागिता

# जल गंगा संवर्धन अभियान मप्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल : मुख्यमंत्री

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नदियों, जल स्त्रोतों और वेटलैण्ड्स का संरक्षण व पुनर्जीवन है। शासन और समाज के समन्वित प्रयासों से इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

**घोड़ा पछाड़ नदी पुनर्जीवित, अन्य सहायक नदियाँ भी प्रवहमान:** खण्डवा जिले में आम नागरिकों और प्रशासन के सहयोग से नर्मदा की सहायक घोड़ा पछाड़ नदी को पुनर्जीवित किया गया है। अंधाधुंध भू-जल दोहन के कारण यह नदी और आसपास की कई छोटी नदियाँ सूख चुकी थीं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही थी। रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित जल संरचनाओं के निर्माण से लगभग 33 किलोमीटर क्षेत्र में जल संचय किया गया। परिणामस्वरूप घोड़ा पछाड़ नदी में फिर से जल प्रवाह शुरू हो गया है, जिससे वर्ष भर इन नदियों के प्रवहमान रहने की संभावनाएं बनी हैं।



**वेटलैण्ड संरक्षण में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका:** वर्ष 2002 में जहां मध्यप्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी, वहीं आज यह संख्या बढ़कर पाँच हो चुकी है। साथ ही इंदौर को देश का पहला वेटलैण्ड सिटी घोषित किया जाना राज्य के लिए गौरव की बात है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण ने 2.25 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले 13,565 वेटलैण्ड्स का भौतिक सत्यापन और सीमांकन समय-सीमा में पूर्ण किया है।

#### राज्य की नदियों का सर्वेक्षण और जल शोधन संयंत्रों की स्थापना

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नर्मदा, चंबल, क्षिप्रा, बेतवा, सोन, टोंस, ताप्ती, कान्ह, माही, सिंध, और बेनगंगा सहित प्रमुख नदियों का सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि 158 नालों से प्रतिदिन लगभग 450 मिलियन लीटर घरेलू अपशिष्ट जल सीधे इन नदियों में बहाया जा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए नगरीय विकास विभाग द्वारा 869 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थापना की जा रही है।

---

**संक्षिप्त समाचार**

## दुबई की इंटरनेशनल मॉडल आज जनपरिषद समारोह में



भोपाल। अग्रणी संस्था जन परिषद के 36 वें वार्षिक समारोह में दुबई की इंटरनेशनल मॉडल, बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ ऑफ आबूधाबी, लोकप्रिय रनवे मॉडल एवं एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल दुबई एवं महापौर श्रीमती मालती राय, एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ निर्भय श्रीवास्तव, डॉ सुबोध वार्ष्णेय, साहित्यकार जीवन सिंह रजक की उपस्थिति में संस्था का वार्षिक समारोह पुलिस ऑफिसर्स मेस के पारिजात सभागृह में अपराह्न ढाई बजे आयोजित किया गया है। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन. के. त्रिपाठी तथा महासचिव श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने दी है ।

## निगम अमले की तत्परता ने बचाई वृद्ध महिला की जान

भोपाल। नगर निगम, भोपाल के अमले की तत्परता और कर्तव्य परायणता के कारण भदभदा डेम क्षेत्र में डूब रही वृद्ध महिला की जान बच गई। दरअसल निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी संदीप सिंह ठाकुर गुरूवार को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे के मध्य बड़ी झील के भदभदा बांध क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे तभी एक वृद्ध महिला को पानी में डूबते हुए देखा जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए झील की सफाई कार्य हेतु तैनात अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सूचना देकर तत्काल महिला की जान बचाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम अमले ने तत्परतापूर्वक महिला को पानी से सकुशल बाहर निकाला और झील सफाई कार्य में संलग्न मशीन पर बिठाया और कमला नगर थाने एवं 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी और वृद्ध महिला को नजदीक के शासकीय अस्पताल भेजा।

## फ्लैट से मिला युवक का संदिग्ध हालत में शव

भोपाल। शाहजहांनाबाद इलाके में स्थित वाजपेयी नगर मल्टी के एक फ्लैट से संदिग्ध हालत में युवक की लाश बरामद हुई है। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला तुड़वाकर शव को बाहन निकालवाते हुए पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, रामकुमार तिवारी (49) वाजपेयी नगर मल्टी में रहता था और ड्राइवर का काम करता था। उसका पत्नी से 13 साल पहले तलाक हो चुका है, जिसके बाद से ही उसका बेटा और बेटी भी उसकी पत्नी के साथ रहते है। पड़ोसियों ने पुलिस बताया कि 8 जून के बाद से वह नजर नहीं आया था। जिसके बाद मंगलवार को जब पड़ोसियों ने रामकुमार को आवाज दी तो उसने दरवाजा नहीं खोला, जिसके बाद पड़ोसियों को शक हुआ और उन्होने पुलिस को इसकी जानकारी दी। दरवाजा तोड़ा कर जब पुलिस कमरे घुसी तो रामकुमार का शव पलंग पर पड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि रामकुमार यहां अकेला ही किराए के मकान में रहता था। पीएम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। मृतक शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतेजार कर रही है।

---

### हमीदिया अस्पताल में अब मरीजों को नहीं लगाना पड़ेगा लंबा चक्कर

# 16 जून को आम लोगों के लिए खोला जाएगा जीएमसी का मेन गेट

भोपाल ■ अमृत दर्शन

गांधी मेडिकल कॉलेज कैंपस का मेन गेट (रॉयल मार्केट की ओर) 16 जून को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद कॉलेज और हमीदिया अस्पताल कैंपस में आने के लिए लोगों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यह गेट रिनोवेशन के लिए 15 नवंबर 2024 को बंद किया था। जीएमसी प्रबंधन ने तब कहा था कि 3 माह में गेट शुरू कर देंगे, पर 7 माह हो गए। मेन गेट बंद होने के कारण मरीजों को इमरजेंसी गेट और फतेहगढ़ वाले गेट से आना-जाना पड़ रहा है।

मेन गेट से इंट्री बंद होने के कारण लोगों ने मेन गेट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़े करना भी बंद कर दिए है। जिससे पूरा कैंपस ही पार्किंग स्थल में बदल गया है। इस स्थिति में इमरजेंसी के दौरान फायर ब्रिगेड जैसे बड़े वाहनों के लिए कैंपस में चलना संभव नहीं है।पीड ब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य पूरा हो गया है। अब सिर्फ सपोर्ट में लगाई गई बांस-बल्लियों को हटाना और अंतिम चेकिंग बची है। यह काम इस सप्ताह पूरा हो जाएगा। वर्तमान में मरीजों, परिजनों, अस्पताल व मेडिकल स्टाफ के आने-जाने के लिए सिर्फ फतेहगढ़ वाला गेट चालू है।



#### बाहरी लोगों पर रोक नहीं

मालूम हो कि अस्पताल में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक नहीं है। कुछ समय पहले जूडा ने इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को पत्र भी लिखा था। इस पत्र में बताया था कि कुछ बाहरी लोग अस्पताल में भर्ती मरीजों को इलाज पूरा होने से पहले ही डिस्चार्ज करवाकर अपने साथ ले जाते हैं। इसके अलावा मरीजों को जीएमसी में भर्ती होने से पहले ही उन्हें निजी अस्पताल में बेहतर इलाज का आश्वासन देने लगते हैं। जूडा ने संदेह जताया था कि निजी अस्पतालों के दलाल हमीदिया अस्पताल कैंपस में सक्रिय हैं।

कलेक्ट्रेट की ओर से आने वाले लोगों को इस गेट तक पहुंचने के लिए कर्फ्यू वाली माता, मोती मस्जिद और सदर मंजिल से होकर आना पड़ता है। यह करीब 1.5 किलोमीटर का चक्कर है। इस रोड पर पीक अवर्स में 15 हजार से ज्यादा वाहन एक घंटे में गुजरते हैं, ऐसे में यहां हमेशा जाम की स्थिति भी बनी रहती है। जिससे काफी समय बर्बाद होता है।

मेन गेट शुरू होने के बाद, जीएमसी कैंपस और हमीदिया अस्पताल में आने-जाने के 3 गेट होंगे। इनमें से एक इमरजेंसी गेट सिर्फ एम्बुलेंस के लिए आरक्षित है।

वहीं, रॉयल मार्केट वाले गेट और फतेहगढ़ वाले गेट पर लगे बूम बैरियर भी एक्टिव हो जाएंगे। जिससे कैंपस में आने वाले हर वाहन की जानकारी और फोटो सर्वर में दर्ज होगी। अभी जो बाहरी लोग कैंपस में माहौल खराब करने का काम करते हैं, उनकी पहचान आसान हो जाएगी। जिससे इस तरह की असामाजिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने में मदद मिलेगी।

---

### पुलिस ने चार दोस्तों के खिलाफ दर्ज किया मामला

# ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में फंस गया था फांसी लगाने वाला बीटेक छात्र



भोपाल ■ अमृत दर्शन

अवधपुरी थाना इलाके में बीटेक के छात्र फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने एक साल की जांच के बाद मृतक के चार दोस्तों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया की दोस्तों के बहकावे में आकर वह ऑनलाइन गेमिंग खेलने लगा और उसे इसकी लत लग गई थी। दोस्तों ने उसे ऑनलाइन गेमिंग के ग्रुप में जोड़ लिया था।

ऑनलाइन गेमिंग में रकम लगाने के लिए उसने अपनी सफारी गाड़ी और लैपटॉप तक बेच दिया था। जब उसके साथ धोखाधड़ी हुई तो मुश्किल समय में दोस्तों ने उसका साथ छोड़ दिया था। थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः ग्राम बोरगांव सौंसर, छिंदवाड़ा का रहने वाला गौतम निर्मलकर ऊषाप्रभा कॉलोनी, अवधपुरी में किराए से रहकर निजी कालेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। कालेज में क्लासमेट रोहित और रोहन उसके रूम पार्टनर थे। उन दोनों ने मिलकर अपने दो अन्य दोस्त दवा का काम करने वाले अभिषेक गोयल और बैंक कर्मचारी सुनील नायक से मिलवाया था। दोस्तों ने गौतम को थर्ड गेमिंग (ऑनलाइन सट्टा) खिलवाने को उकसाया। खाता शुरू करने के लिए 1 लाख 20 लाख रुपए जमा करने थे। उनके जाल में फंसे गौतम ने सफारी और लैपटॉप 1 लाख 20 हजार रुपए में गिरवी रखकर खाते में रकम जमा कर दी। दोस्तों ने भी 20 हजार रुपए जमा किए। पांचों ने मिलकर थर्ड गेमिंग ऑनलाइन गेम में एक खाता खुलवा लिया। गौतम ने 50 हजार रुपए अपने पिता के खाते से खर्च कर लिए।

---

# आईपीओ में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 18 लाख की ठगी करने वाले 3 आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

### 7 मोबाईल, वाई-फाई डोंग, चैकबुक, 62 एटीएम कार्ड, 28 सिमकार्ड जप्त

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधनी भोपाल की साईबर क्राइम ब्रांच टीम ने कोईनसाला कंपनी के आईपीओ में इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से संबंधित तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को जोधपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। शातिर आरोपी ऐसे कॉलेज स्टूडेंट्स को अपने जाल में फसांते जिन्हें रूपये की जरूरत होती उन्हें जाल में फंसाकर आरोपी उनके कागजात का इस्तेमाल कर बैंक खाता खुलवाते थे। बैंक खाता खुलवाने के बाद शातिर फ्रॉड के रूपये डलवाने के लिए इन खातो को आगे अन्य फरार आरोपियों को दे देते थे।

आरोपी खाता धारक से बैंक खाता जानकारी लेने के बाद वाई-फाई डोंगल से एक्टिवेट नेट बैंकिग करते थे। शातिर जालसाज पुलिस से बचने के लिए इंटरनेट का उपयोग सिमकार्ड से न करते हुए वाई-फाई डोंगल से करते थे। पुलिस ने गिरोह के पास से सिमकार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाईल फोन एवं बैंक चैकबुक जप्त की है। एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की 20 अक्टूबर 2024 को सुरजकुंज अवधपुरी भोपाल निवासी फरियादी सुधीर सिंह पिता राज नायक सिंह (38) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह सितम्बर 2024 में टेलीग्राम के माध्यम से कोईनसाला मीडिया(इण्डिया) प्रायवेट लिमिटेड से जुड़ा। यह कंपनी क्रिप्टो का लेन देन करती है जिसमें शुरूआत में फरियादी द्वारा 2, 5 एवं 8 हजार रूपये इन्वेस्ट किये जिसके बदले में उसे कुछ ही दिन में 20 हजार रूपये का रिटर्न प्राप्त हुआ। इसके बाद फरियादी को एक टेलीग्राम पर एक अलग ग्रुप तैयार कर उसमें इन्वेस्टमेंट संबंधी एक्टिविटीज करवायी जाती है। इन एक्टिविटीज में फरियादी को एमाउण्ट इन्वेस्ट कर पार्टिसिपेट करने के बारे में बताया जाता है। जिसमें फरियादी ने 50 हजार, 30 हजार और 1 लाख 20 हजार रूपये इन्वेस्ट किये। अब रूपये इन्वेस्ट करने के बाद जब विड्राल करने की कोशिश की तो उसको बताया गया कि आपको अभी एक एक्टिविटी में पार्टिसिपेट करना है जिसका इन्वेस्टमेंट एमाउण्ट 3 लाख 60 हजार रूपये है। फरियादी ने जैसै-तैसै उक्त एक्टिविटी में भी पार्टिसिपेट कर लिया एवं इसके बाद भी रूपये विड्राल करने का प्रयास किया तो फिर से एक नये एक्टिविटी में 6 लाख 80 हजार रूपये इन्वेस्ट करने के लिये बताया गया।



## रेलवे ट्रेक पर चलती ट्रेन से मुंह के बल गिरा युवक, मौत

भोपाल। मिसरोद स्थित आईपीएस स्कूल के सामने रेलवे ट्रेक पर एक युवक शव बरामद हुआ है। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे स्टेशन मास्टर से सूचना मिली कि आईपीएस स्कूल के सामने मिसरोद रेलवे लाइन पर करीब 40 साल के एक युवक का शव पड़ा है। उसका चेहरा पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया है। पहचान में नहीं आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा बनाकर शव को एम्स में रखवा दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक हाफ पेंट पहने है। उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज या कोई अन्य सामान नहीं मिला है,जिससे पहचान की जा सके। जेब से दिल्ली से बैंगलुरु का टिकिट मिला है। पुलिस अब बैंगलुरु पुलिस से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का अनुमान है कि गर्मी अधिक होने की वजह से युवक जनरल कोच के पायदान पर आकर बैठ गया होगा। इस बीच नींद का झौंका आने से मुंह के बल गिर गया। फिलहाल पुलिस युवक की शिनाख्ती के प्रयास कर रही है।

---

### आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास

# 1500 की उधारी को लेकर की गई मारपीट के बाद हो गई थी युवक की मौत

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी के चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में 23 मई 2023 को 1500 रुपए की उधारी को लेकर आरोपी परिचित ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी थी, बाद में पिटाई से बेसुध हुए युवक को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्रकरण में पुलिस ने हत्या का मामला कायम किया था।

सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने आरोपी प्रमोद राठौर को दोषी करार देते हुए 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने देते हुए आरोपी पर एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक पीएन सिंह राजपूत ने पैरवी की। जानकारी के मुताबिक मृतक मुकेश मालवीय के ससुर घनश्याम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था, की चूनाभट्टी



इलाके में उनके मकान से नजदीक ही रहने वाला उनका दामाद मुकेश निजी काम करता था। घटना वाले दिन वह उनके घर आया था, और फिर अपने काम पर चला गया। शाम के समय मुकेश की बेटी घबराई हुई उनके घर आई और बताया कि उसके पिता मुकेश से परिचित प्रमोद राठौर बेरहमी से मारपीट कर रहा है। ससुर घनश्याम फौरन ही मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि प्रमोद राठौर उनके दामाद मुकेश से जमकर मारपीट कर रहा था। जब उन्होंने इसका कारण पूछा तब प्रमोद ने बताया कि मुकेश ने उससे 1500 रुपए उधार लिए थे, और वह पैसे नहीं लौटा रहा था। प्रमोद ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो वह मुकेश की जान ले लेगा।

---

### नाबार्ड के आम महोत्सव में आए विभिन्न किस्मों के 20 टन आम , सुंदरजा जी टैग भी उपलब्ध

# नूरजहां आम के पेड़ो को बचाने नाबार्ड कर रहा है प्रयास - महाप्रबंधक सी .सरस्वती

- 31 आदिवासी जिलों में संचालित हैं बाड़ी परियोजना
- किसानों की आजीविका के लिए मार्केटिंग भी उपलब्ध कराया जाता है

भोपाल ■ दिनेश शर्मा

नाबार्ड, मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से आदिवासी किसानों द्वारा बाड़ी परियोजना स्थापित की गई राज्य के आदिवासी परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के तथा नाबार्ड द्वारा समर्थित वाडियों से उत्पादित आमों को विपणन हेतु एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा नाबार्ड परिसर में 10 से 14 जून 2025 तक आम महोत्सव 8.0 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी सरस्वती ने बताया कि भारत एक बहुसंस्कृति की पालना करने वाला देश है और आम के मौसम भी किसी त्योहार की तरह मनाया जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि हमारे देश में साल भर अलग-अलग मौसमों में अलग-अलग फल सेवन हेतु उपलब्ध रहते हैं। आम ग्राहकों के लिए गुणवततापूर्ण स्वादिष्ट फल के साथ ही साथ इसे उगाने वाले किसानों के लिए आय अर्जन का महत्वपूर्ण साधन भी है। नाबार्ड की ये परियोजनाएं आदिवासी परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। इस परियोजना के अंतर्गत



लाभार्थियों के समग्र विकास का ध्यान रखा जाता है। नाबार्ड की परियोजना में वाडी के साथ ही साथ सब्जियों तथा अन्य फसलों के पौधे भी उपलब्ध करवाए जाते हैं ताकि परियोजना की शुरुआत से ही किसानों की में वृद्धि शुरू हो जाए।

इस निधि के तहत, नाबार्ड के द्वारा मध्य प्रदेश में अब तक 102 परियोजनाएं स्वीकृत कर लगभग 73,875 एकड़ में वाडियों की स्थापना की है। इन परियोजनाओं से 78126 से अधिक परिवारों को लाभ पहुंचा है एवं परियोजना के माध्यम से आदिवासी किसान अपने खेतों पर विभिन्न बागवानी, कृषि और कृषि वानिकी गतिविधियों को अपनाकर अपनी पारिवारिक आय बढ़ाने में सक्षम हुए हैं जिससे परियोजना क्षेत्र में रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकने में मदद मिली है। यह महोत्सव राज्य स्तर के साथ ही साथ जिला स्तर पर भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें छिंदवाड़ा और रीवा शामिल हैं। इस अवसर पर सबसे वजनी आम नूरजहाँ भी बिक्री के लिए उपलब्ध हे आप ने पूछने पर बताया कि आम महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त सुंदरजा के अतिरिक्त आम्रपाली, केसर, लंगड़ा, दशहरी, तोतापुरी, राजापुरी भी बिक्री के लिए उपलब्ध है ,आम की गाडियाँ बैंकों की विभिन्न कॉलोनियों में भी विजिट भी कर रही हैं। आम महोत्सव में किसान 20 टन आम विभिन्न किस्मों के लेकर आए है ।किसानों को एक एकड़ जमीन पर आम के पौधे ओर सागौन,मूंगा के पौधे भी उपलब्ध कराते हैं साथ ही किसान अपनी आजीविका चलाने के लिए सब्जी भी उगाते है इनको हम मार्केटिंग भी उपलब्ध कराते हैं। नूरजहां आम के बारे में आप ने बताया कि इस के कम पेड़ बचे हैं इसको बचाने के लिए टिशू कल्चर से इस के पौधे बढ़ाने के प्रयास कर रहे है ।वर्तमान में 31 आदिवासी जिलों में बाड़ी परियोजना संचालित है,।

---

# पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले बदमाशों की तलाश जारी

### फरार महिला बिल्डर को खोज रही अवधपुरी पुलिस

भोपाल ■ अमृत दर्शन

गौतमनगर थाना इलाके में बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस पहचान के बाद बदमाशो की तलाश कर रही है। वहीं अवधपुरी पुलिस उस जालासाज महिला बिल्डर को खोज रही है, जिसने नगर निगम में बंधक रखे तीन प्लॉट की रजिस्ट्री निगम की अनुमति के बिना ही 3 प्लॉट की रजिस्ट्री अन्य लोगों को कर दी थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस नफरियादी दिलशाद खान ने आरोपियो के खिालाफ घर के बाहर खड़ी गाड़ी में आग लगाने की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जॉच में सामने आया की जिस घर के बाहर वारदात हुई वो आरिफ का है। आरोपी फरहान कुछ समय पहले तक आरिफ के घर में किराए से रहा। किसी बात को लेकर फरहान का झगड़ा मकान मालिक से हो गया था। इसके बाद उससे कमरा खाली करवा लिया गया। पुलिस को आशंका है कि इसी बात को लेकर वह रजिंश रखते हुए मकान मालिक की गाड़ी जलाने आया था। लेकिन बाहर गाड़ी दिलशाद की खड़ी थी, जो आरिफ के घर में किराए से रह रहा है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

## अनमोल वचन

हमे भूत के बारे में पछतावा नही करना चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए, विवेकवान व्यक्ति हमेशा वर्तमान में जीते है।
**चाणक्य**

हम सभी एक दुसरे की मदद करना चाहते है, मनुष्य ऐसे ही होते है, हम एक दुसरे के सुख के लिए जीना चाहते है दु:ख के लिए नहीं।
**चार्ली चेपलिन**

# भारत की सुरक्षा एवं मोदी सरकार

> गरीब कल्याण, ढांचागत विकास,अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह है। भारत सहित विश्वक की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक है। चाणक्यनीति में कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है।

**शिवप्रकाश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास,अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह है। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक है। चाणक्यनीति में कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिएँ। सिद्धांत एवं नीतियां नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिये शस्त्रधारी है। इसलिए भारत माता भीपरमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था7 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला।आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतिइसी का उदाहरण है7 जहाँ कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए जी जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं बिरयानी खिलाना जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना



और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए।

रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोलाबारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिएलंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रोंकी खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुकेहैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है।एस -400 , सुखोई -30, इजराईल से ड्रोन, हैमर मिसाईल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम, वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाईल को मार गिराने में हम सक्षम हुए है।

11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265करोड़ हुआ है7

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी - 17 नवंबर 2021 (राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी में) के अपने संबोधन में कहाँ कि:भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएँ अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 24 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21त्न की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34 प्रतिशत की वृद्धि करने में देर सक्षम हुआ है7 आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिको में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी। प्रत्येक प्रकार की गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य वशं नो वरुण: अंकित है।

## सम्पादकीय

### शादी अब बहुत सोच समझ कर करें अन्यथा कुंवारा रहें

*हाल ही एक न्यूज़ टीवी पर जोरों से चल रहा है बेवफा सोनम ने रची पति राजा की हत्या की साजिश, मेघालय में हनीमून मर्डर केस पर गाइड ने कहा- मुझे खुशी है कि सलाखों के पीछे हैं अपराधी मेघालय में पिछले महीने लापता हुए नवविवाहित दंपती राजा और सोनम रघुवंशी के साथ तीन अज्ञात व्यक्तियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस को सूचित करने वाले टूरिस्ट गाइड ने मंगलवार को कहा कि उसे इस बात की तसल्ली है कि उसके जानकारी देने से मामला सुलझाने में मदद मिली। मेघालय में पिछले महीने इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड का मामला सुलझ गया है। पुलिस आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को यूपी के गाजीपुर से सोमवार देर रात लेकर शिलॉन्ग रवाना हुई है। उधर, इस मामले में पुलिस को जानकारी देने वाले टूरिस्ट गाइड ने राहत की सांस ली है। गाइड का कहना है कि उसकी जानकारी से मामला सुलझाने में मदद मिली। दरअसल इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी हनीमून के लिए शिलांग गए थे। वे 23 मई को लापता हो गए थे। बाद में राजा का शव वेइसाडोंग फॉल्स के पास मिला था। पुलिस ने इस मामले में सोनम रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर राजा की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में तीन और लोगों को भी गिरफ्तार किया है।कलयुग में पति पत्नी को समझदारी से काम लेना चाहिए क्योंकि सतयुग में नारी की त्याग और ममता के कारण माता सीता ने जो मिशाल पेश किया वह आज उसके नारी धर्म के कारण लोग पूजते हैं क्योंकि माता सीता के स्वयंवर के समय ऐसे धनुष को उठा लिया जिससे परशुराम क्रोध में आकर उपस्थित हो गए इसी डर से रावण शक्तिशाली होने के कारण उठा नहीं सका डर असत्य लोगों को होती है जिसके दिल में छल कपट होता है लेकिन प्रभु राम तो ईश्वर हैं उसे डर कैसा,जब देखा कि ऐ तो भगवान है तो क्रोध को शांत किया, अत: आज कल अगसर देखने को मिल रहा स्त्री और पुरुष में रिश्ते बनने के बजाय बिगड़ रहे है हाल ही में इसके और भी कई उदाहरण भी सामने आए हैं जैसे मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल पर अपने पति, पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूत की हत्या का आरोप है। उन्होंने कथित तौर पर उसे नशीला पदार्थ दिया, चाकू घोंपा और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। मुस्कान द्वारा अपने माता-पिता के सामने अपराध कबूल करने के बाद अपराध का पता चला,मेरठ के सौरभ हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर रखा है। इस मामले में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस केस में मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी मुस्कान रस्तोगी की एक पड़ोसी ने खुलासा किया है कि साहिल शुक्ला रात को 2-3 बजे उसके घर आया करता था। कई बार बाहर लॉक लगे रहने पर वो दीवार फांदकर घर के अंदर घुस जाता था। वारदात वाले दिन मुस्कान अपने घर के जिस कमरे में गुमसुम बैठा हुई थी, उसी में ड्रम रखा हुआ था, जिसमें सौरभ की लाश पड़ी थी आखिर ऐ सब हो क्यों रहा है यह गलत संस्कार, और अपने को होशियार बनने के चक्कर में होता है अत: शादी करते समय पूरी तरह से सोच समझ कर करें ऐ कलयुग है जिसमें औरतों का पक्ष तो लिया जाता है लेकिन आदमी का नहीं, एक लड़का एक और केस अतुल सुभाष जैसा पुन: सुर्खियों में है दरअसल यूपी में एक बार फिर अतुल सुभाष जैसा मामला सामने आया है।कुछ दिन पहले मल्टीनेशनल कंपनी टीसीएस के एक मैनेजर मानव शर्मा ने पत्नी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला और उसमें रोते हुए अपना सारा दर्द बयां किया। टीसीएस मैनेजर मानव शर्मा ने आत्महत्या से पहले बनाई वीडियो में खुलासा किया कि वो पत्नी के उत्पीड़न से परेशान हैं और शादी से पहले पत्नी का किसी और से सम्बन्ध था और तलाक चाहता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ इधर पत्नी का कहना है कि पहले दूसरे से प्रेम था लेकिब शादी के बाद नहीं सुसाइड के समय साथ ही उसने मांग की कि कानून पुरुषों को भी सुरक्षा दे। मानव शर्मा ने गले में फंदा लगाकर वीडियो बनाया और कहा कि उनके माता-पिता को कोई परेशान न करे।देखिये शादी बड़ा सोच समझ कर करिये ये जीवन का सौदा होने जा रहा सच्चाई शादी से पहले बताना चाहिए क़ोई जरुरी नहीं है कि रिश्ता बड़े घर में हो लेकिन ऐ जरुरी है कि विचारों में मतभेद ना हो ऐ आपस में मिसअंडरस्टैंडिंग के वजह से होता शादी एक ऐसा बंधन है जो जीवन भर साथ रहने को होता है अत: पारदर्शिता जरुरी है ऐ हो क्यों रहा है इसकी सबसे बड़ी आज का संगत, पैसे की चाहत काम वासना आदि है जैसी संगत वैसी रंगत भगवान राम के मंदिर या महाकुम्भ जाने से ऐ समस्या दूर नहीं होगी हमें हमेशा एक दूसरे की सहायता करने की जरुरत है आप कभी भी निराश होकर आप आत्महत्या का कदम मत उठाना नहीं तो ऐ शरीर जो परमात्मा का दिया है वैसे ही ख़ो बैठोगे पाने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है त्याग और संघर्ष में ही आप कुछ बनकर निकलते हो कभी अपना दु:ख दूसरे को नहीं सुनाये काम पर ध्यान दें क्योंकि आज खुद ही आदमी इतना दु:खी है कि दूसरों का दु:ख से क़ोई मतलब नहीं है नहीं यकीन है जैसे अंदरूनी कलह की वजह से पार्टी में टूट हुआ और नतीजा आपके सामने आया जब भी अपने घर के अंदर असंतोष होता है तो आपका ही परिवार बिखड़ जाता है नुकसान दूसरों का नहीं आपका होता है वैसे ही परिवार में रिश्ता होता है जिसमें बाहरी सफाई से ज्यादा जरुरी है अंदर की सफाई और ऐ समझदारी और शांति से विवेक से होगा किसी ने बताया कि माता पिताजी से मिलना शादी से पहले अच्छा लगाव था पिताजी ने शादी के लिए बात की लड़की के पिताजी आए बड़े अच्छे स्वाभाव के थे कुछ रूपए दिए और हुआ क्या मैं लड़की देखने नहीं जा रहा था बाद में मैं सोचा कि उनके पिता जी आए थे और आने का प्रस्ताव दिए है और दादाजी ने भी बताया कि ठीक से देख लेना नाक लम्बाई ठीक होना चाहिए इसलिए लड़की देखने चला गया वहाँ खुब खातिर हुई मेरे भाई ने सवाल पूछ दिया लेकिन उसे मालूम था यह विज्ञान उसके बस का नहीं है किसी मुद्दे पर बात अटक गई क्योंकि उसकी भी बहने थी और उसकी शादी भी जरुरी थी लेकिन इन सब को देखते हुए इस हेतु उस बेचारे ने बहुत कोशिश कर पिता जी को बताया उसमें एक गलती यह हो गई कि उसने फोन नम्बर ले लिया उस समय मोबाइल नहीं था और एसटीडी का बिल खूब आता था लेकिन दिमाग़ कैसे उस जवानी में घुम गया पता ही नहीं चला, कोई जब किसी लड़की के शादी टूटने का शोक को आपकी खुशी में अपने को बुरा रहकर भी अहसास कराता है तो आपको भी उसके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए पति तो कुछ नहीं आपको बोल रहा है उसने बताया कि लेकिन ट्रेन में उसे किसी ने बोल दिया ऐ पत्नी है या औजार जब तक आप बेरोजगार रहते हैं तो आपको बहुत साधारण या गरीब लड़की मिल जाती है।*

## 'पेसा' से लागू होगा सरना धर्म कोड

> राज्य सरकार केंद्र सरकार को दोष देती है, और केंद्र सरकार इसे तकनीकी प्रक्रिया बता कर टालती रही है। यह विषय केवल जनगणना के एक कॉलम भर की बात नहीं है, बल्कि आदिवासी अस्मिता, धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान द्वारा प्रदत्त आत्म-निर्णय के अधिकार से गहराई से जुड़ा है। लेकिन बड़ा सवाल है-क्या इस पूरे विमर्श में कहीं पेसा 1996 को देखा गया है? क्या पेसा कानून, जिसे आदिवासी स्वशासन की आत्मा माना जाता है।

**सुधीर पाल**

झारखंड की राजनीति इन दिनों एक ऐसे विषय के इर्द-गिर्द घूम रही है, जिसे अगर ठीक से समझा जाए तो यह न केवल राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता का प्रश्न है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक आत्मा के लिए भी एक कसौटी-परीक्षण है। हम बात कर रहे हैं सरना धर्म कोड की-एक मांग जो आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान, परंपरा और आत्मनिर्णय से जुड़ा है। बिडम्बना है कि यह गंभीर मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में भावनात्मक शस्त्र के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। सरकार हो या विपक्ष, दोनों ही सरना धर्म कोड विषय पर मौकापरस्त रवैया अख्तियार किए हुए हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार को दोष देती है, और केंद्र सरकार इसे तकनीकी प्रक्रिया बता कर टालती रही है। यह विषय केवल जनगणना के एक कॉलम भर की बात नहीं है, बल्कि आदिवासी अस्मिता, धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान द्वारा प्रदत्त आत्म-निर्णय के अधिकार से गहराई से जुड़ा है। लेकिन बड़ा सवाल है-क्या इस पूरे विमर्श में कहीं पेसा 1996 को देखा गया है? क्या पेसा कानून, जिसे आदिवासी स्वशासन की आत्मा माना जाता है, इस मुद्दे का वैकल्पिक समाधान प्रस्तुत नहीं करता?



झारखंड के आदिवासी समुदाय लंबे समय से एक अलग धर्म पहचान की मांग करते आ रहे हैं जिसे वे सरना धर्म के नाम से जानते हैं। यह धर्म प्रकृति पूजक है, जिसकी मान्यताएँ जंगल, पहाड़, नदी और पुरखों की आत्मा से जुड़ी हैं। सरना धर्म कोड की मांग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना प्रपत्र में एक स्वतंत्र धर्म कॉलम हो, जहाँ आदिवासी समुदाय खुद को हिंदू, ईसाई या किसी अन्य धर्म की श्रेणी में जबरन फिट करने के बजाय, अपनी वास्तविक धार्मिक पहचान के साथ अंकित कर सकें। भारत की जनगणना प्रणाली में आदिवासियों को स्पष्ट रूप से धार्मिक रूप से पहचानने की कोई स्वतंत्र व्यवस्था नहीं रही है। इसका परिणाम यह होता है कि उन्हें आमतौर पर हिंदू या ईसाई मान लिया जाता है, जिससे उनके धार्मिक अस्तित्व को अनदेखा किया जाता है। आदिवासियों का यह दावा रहा है कि उनकी धार्मिक पहचान किसी स्थापित धर्म से मेल नहीं खाती। सरना धर्म वास्तव में एक प्राकृतिक धर्म है जो प्रकृति के साथ सहअस्तित्व और पूर्वजों की आत्मा की उपासना पर आधारित है।

केंद्र सरकार की विचारधारा: भारत सरकार विशेष रूप से वर्तमान शासन के दौरान आदिवासी आस्था पद्धतियों को सनातन धर्म की उप-धारा मानती रही है। उनके अनुसार, चूंकि आदिवासी भी हिंदुओं की तरह पेड़-पौधों, पत्थर, नदी, झरने, देवी-देवताओं की पूजा करते हैं, इसलिए वे हिंदू धर्म के ही अंग हैं। यह मान्यता आदिवासी धार्मिक स्वतंत्रता और पहचान की स्वायत्तता के बिलकुल खिलाफ है।

सरना धर्म न तो मूर्तिपूजक है, न ही वह वेदों या शास्त्रों पर आधारित है। उसकी पहचान स्थानीय परंपराओं, प्रकृति और सामुदायिक पूजा में है। इसलिए जब सरकार यह मानती है कि सरना, सनातन का ही रूप है, तो वह आदिवासी समाज की धार्मिक स्वायत्तता का हनन करती है।

सरना अनुयायियों का तर्क है कि उनकी पूजा-पद्धति में कोई संगठित मंदिर, पुरोहित व्यवस्था या धार्मिक ग्रंथ नहीं होते, जो कि ब्राह्मणवादी ढांचे से अलग है। यह भिन्नता केवल सांस्कृतिक नहीं बल्कि धार्मिक और वैधानिक रूप से भी विशिष्ट है।

पेसा और सरना धर्म कोड का अंतर्संबंध: इसी पृष्ठभूमि में पेसा अधिनियम 1996 एक वैधानिक विकल्प और संभावित मार्ग के रूप में उभरता है। पेसा, संविधान के 73वें संशोधन के बाद अनुसूचित क्षेत्रों में समुदायों को विशेष अधिकार देने के लिए लाया गया था। इस कानून की धारा 4(डी) की मान्यता है: हर ग्रामसभा को यह अधिकार होगा कि वह अपने क्षेत्र की परंपरा, रिवाज, उपासना पद्धति और धार्मिक विश्वासों का संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण कर सके। यहां तीन शब्द अत्यंत महत्वपूर्ण हैं संरक्षण, संवर्धन, और दस्तावेजीकरण। यानी ग्रामसभा न केवल अपनी धार्मिक मान्यताओं को बनाए रख सकती है, बल्कि उन्हें आधिकारिक रूप से दर्ज भी कर सकती है। यानी ग्रामसभा न केवल अपनी धार्मिक मान्यताओं को बनाए रख सकती है, बल्कि उन्हें आधिकारिक रूप से दर्ज भी कर सकती है।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अगर राज्य सरकार ईमानदारी से चाहे तो वह पेसा को प्रभावी रूप से लागू करके ग्रामसभाओं को यह अधिकार दे सकती है कि वे सरना को अपनी मान्य उपासना पद्धति के रूप में दस्तावेजीकृत करें। एक बार जब यह दस्तावेजीकरण ग्रामसभा के स्तर पर हो गया और उसे राज्य मान्यता दे दे, तो यह कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज बन सकता है, जिससे जनगणना या सरकारी पहचान में सरना धर्म की वैधानिकता को बल मिलेगा। यह एक क्रांतिकारी प्रावधान है। यह पहली बार भारतीय कानून में यह स्वीकार किया गया कि परंपरा, रिवाज और उपासना पद्धति केवल संस्कृति नहीं, बल्कि वैधानिक अधिकार हैं। यह वह कानूनी आधार है जो सरना धर्म जैसी आस्था को स्थानीय स्वीकृति से लेकर राज्यस्तरीय मान्यता तक पहुंचा सकता है।

## धर्म के आवरण में दरिंदिगी:कुछ तो गड़बड़ है

***निर्मल रानी***

*हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ख़ासतौर से जब से आसाराम,स्वामी चिन्मयानंद,गुरमीत राम रहीम,स्वामी नित्यानंद,दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं, भीमानंद महाराज उर्फ़ शिवमूरत द्विवेदी,राम शंकर तिवारी उर्फ़ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आये व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इसतरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गयी। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग़ के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया ,यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी,चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेज़ी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालाँकि देश में यौन शोषण को लेकर काफ़ी कड़े क़ानून भी बने हुये हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। ख़ासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफ़ाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमज़ोर क़ानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकार्ड में नहीं आ पाते। अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ़्रीक़ा,स्वीडन,संयुक्त राज्य अमेरिका,इंग्लैंड,मिस्र,फ़्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं। परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों,मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहाँ महंत, पुजारी,पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज ज़रूर हुई, लेकिन परन्तु चूँकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ़्तार किया गया।*

## खास बात

### मुंबई महानगर पालिका पर कब्जा करेगा ठाकरे परिवार

उद्धव ठाकरे की शिवसेना इन दिनों मुंबई में काफी कमजोर स्थिति में है। ठाकरे परिवार हमेशा मुंबई महानगरपालिका में पूरी ताकत के साथ राज करता आया है। एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की इस ताकत को तोड़ दिया है।एनसीपी इस बार भाजपा के साथ जाती हुई दिख रही है। अकेली शिवसेना उद्धव ठाकरे कमजोर है।ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को एक साथ एक मंच में लाने की कोशिश मुंबई में तेज हो गई है। मुंबई महानगर पालिका के चुनाव में दोनों ठाकरे बंधु मिलकर चुनाव लड़ेंगे? ठाकरे परिवार मुंबई मैं अपनी ताकत बनाए रखना चाहता है।सही मायने में महानगर पालिका के पार्षद ठाकरे परिवार की ताकत हैं। दोनों भाई इस बात को समझते हैं। एक बार फिर दोनों भाई साथ-साथ दिखेंगे।

### राहुल गांधी, चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों चुनाव आयोग को निशाने पर रखे हुए हैं। महाराष्ट्र के चुनाव में हुई गड़बड़ी राहुल गांधी की प्राथमिकता में है।जिसके कारण महाराष्ट्र सरकार संशय में है। हाई कोर्ट के जो आदेश हो रहे हैं। एक-एक करके चुनाव आयोग की जो कलई खुल रही है। उसने भाजपा और महाराष्ट्र सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग को लेकर यदि हाईकोर्ट से कोई आदेश हो जाएंगे। चुनाव आयोग की गड़बड़ी पकड़ ली जाएगी। ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र में बड़ा भूचाल आना तय है। इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है। महाराष्ट्र की राजनीति इन दिनों बड़ी तेज हो गई है।

### भाजपा ने असम की सीट सहयोगी दल को दी

बीजेपी राज्यसभा में अपने सांसदों की संख्या बढ़ाने में लगी हुई है। पहली बार असम में देखने को मिला, भाजपा ने अपनी सीट असम गढ़ परिषद को दे दी है। असम की राज्यसभा सीट असम गण परिषद का उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। आंध्र प्रदेश में भाजपा ने ठीक इसका उल्टा किया था। आंध्र प्रदेश से दो भाजपा के सदस्य मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के सहयोग से राज्यसभा में प्राप्त किए थे। राज्यसभा चुनाव को लेकर एक बार फिर जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। असम में 126 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 64 विधायक हैं।वह अपने दम पर अपना उम्मीदवार जिता सकती थी। उसके बाद भी आठ विधायकों वाली पार्टी के लिए भाजपा ने अपनी एक सीट कुर्बान कर दी है। जिसके कारण राजनीतिक हल्कों में इसे आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है।

### तुर्कीए के बहिष्कार अभियान का क्या हुआ?

पहलगाम कांड के बाद पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारत ने हमला किया था। तुरकिए ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। पाकिस्तान को तुर्कीए ने सैन्य मदद दी। जिसके कारण भारत में गुस्सा फैला, तुर्की का बहिष्कार अभियान शुरू किया गया। अभिनेता आमिर खान को देशद्रोही ठहराया जाने लगा।क्योंकि वह तुर्कीए के राष्ट्रपति से मिले थे। भारत के पर्यटकों ने वहां जाना बंद कर दिया था। अचानक यह अभियान थम गया। भारत के पर्यटक अब तुर्कीए जाने लगे हैं।भारत ने अपने निर्यात व्यापार के कारण बहिष्कार अभियान से अपने आपको दूर कर लिया। सरकार घोषणाएं बड़ी-बड़ी कर देती है। वह हवा हवाई होती हैं। क़ुछ समय के बाद लोग भूल जाते हैं। यही बहिष्कार का सच है।

## चिंतन-मनन

### कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, दोइज शुक्रवार पू.षा. नक्षत्रे, वृण योगे, विव करणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 52/39 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्द-हठी, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपाल, वक्ता-अधिवक्ता, नेता, शासक-प्रशासक, विधायक, राजमंत्री, पंडित, विद्वान, मठ-मंदिर का निर्माणकर्ता होगा।

**मेष राशि**- स्वभाव में आकस्मिक परिवर्तन ही सफलता है, व्यवसाय में उन्नति होगी।

**वृष राशि**- कार्य में सफलता मिलेगी, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु वर्ग का जोर होगा।

**मिथुन राशि**- यह सप्ताह उत्तम फलकारक है, अधिकारियों का पूर्ण सहयोग अवश्य मिलेगा।

**कर्क राशि**- नौकरी में व्यावधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं है, भवुकता से हानि होगी।

**सिंह राशि**- आनंद का अनुभव करेंगे, केतु गृह पीड़ा कारक है, काफी मतभेद अवश्य होंगे।

**कन्या राशि**- मनोरंजन में अति हर्ष होगा, व्यवसाय में लाभ होगा तथा कार्य अवश्य होगा।

**तुला राशि**- पारिवारिक उत्तर दायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विरोध अवश्य होगा।

**वृश्चिक राशि**- मानसिक तनाव अनावश्यक बढ़ेगा, स्वजनों की सहायता अनुभूति अवश्य होगी।

**धनु राशि**- व्यवसाय की उन्नति में आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार अवश्य होगा, ध्यान दें।

**मकर राशि**- विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारियों की कृपा का लाभ मिलेगा।


**कुंभ राशि**- इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले तथा उत्तम लाभ के योग अवश्य बनेंगे।

**मीन राशि**- गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा, परेशानी अवश्य ही बनेगी, व्यापार में व्यावधान होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**13 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.26 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.39 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.56 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.33 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.49 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.13 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 01.44 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 03.24 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 164 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 15.19 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 23.21 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.48 बजे को समाप्त।
**करण** गर 15.19 बजे तदनन्तर वणिज 03.36 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872374
**जूलियन दिन** 2460839.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




# गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

## गिर राष्ट्रीय उद्यान

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

## सोमनाथ मंदिर

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है। ऐसे में आप यदि गुजरात आ रहे हैं, तो आपको यहां आना अच्छा लगेगा।

# आध्यात्म की तलाश में जा रहे ऋषिकेश तो इन जगहों पर जरूर जाएं, वरना अधूरी रह जाएगी यात्रा

**आप इस वीकेंड ऋषिकेश को एक्सप्लोर कर सकते हैं और इस दौरान आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। वहीं अगर आप ऋषिकेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको यहां की पांच खास जगहों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।**

अगर आप भी दिल्ली में रहते हैं और कही धार्मिक और आध्यात्मिक जगह पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको ऋषिकेश जाना चाहिए। यह दिल्ली के करीबी पर्यटन स्थलों में से एक है। ऋषिकेश योग और आध्यात्म की नगरी है और यहां का एडवेंचर भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। खास बात यह है कि आप यहां पर किसी भी समय घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आप इस वीकेंड ऋषिकेश को एक्सप्लोर कर सकते हैं और इस दौरान आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। वहीं अगर आप ऋषिकेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको यहां की पांच खास जगहों को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

## त्रिवेणी घाट

ऋषिकेश जाने के दौरान कुछ समय त्रिवेणी घाट पर जरूर बिताना चाहिए। यहां पर तीन नदियों का संगम होता है।

धार्मिक मान्यता है कि गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। हिंदू पौराणिक कथाओं में यह स्थान सबसे पवित्र माना जाता है। इस घाट पर सुबह, दोपहर और शाम के समय तीन बार गंगा आरती होती है। ऐसे में आपको शाम की गंगा आरती में जरूर शामिल होना चाहिए।

## बकेश्वर मंदिर


ऋषिकेश का त्र्यंबकेश्वर मंदिर फेमस लक्ष्मण झूला के पार स्थित है। त्र्यंबकेश्वर मंदिर की स्थापना श्री श्री 108 भ्रमभीम स्वामी कैलाशानंद ने की थी। यह मंदिर 13 मंजिला और यह भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 13 मंजिल मंदिर के नाम से जाना जाता है।

## वशिष्ठ गुफा आश्रम

ऋषिकेश से करीब 25 किमी दूर प्राचीन आश्रम वशिष्ठ गुफा है। वशिष्ठ गुफा शांति और ध्यान के लिए अच्छा स्थान है। बताया जाता है कि इस गुफा में स्वामी पुरुषोत्तमानंद ने तप किया था। यहां पर आने वाले पर्यटकों को इस गुफा को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।


## जानकी सेतु

आध्यात्मिक शहर ऋषिकेश में मौजूद जानकी सेतु की खूबसूरती पर्यटकों का मन मोह सकती है। दरअसल, जी 20 बैठक के दौरान इस स्थान को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया था। सेतु और आसपास की दीवारों पर रंग-बिरंगी तस्वीरें जानकी सेतु पुल की सुंदरता में चार चांद लगाती है। वहीं यह फोटोशूट के लिए भी बेहतरीन जगह है। ऋषिकेश में योग पार्क और प्रियदर्शनी पार्क भी बना हुआ है।



## बीटल्स आश्रम

बता दें कि साल 1961 में महर्षि महेश योगी द्वारा ऋषिकेश में योग और ध्यान की शिक्षा के लिए एक आश्रम का निर्माण कराया गया था। वहीं 60 के दशक में फेमस बीटल्स बैंड ध्यान की खोज में इस आश्रम पहुंचे थे। तब से यह आश्रम बीटल्स आश्रम के नाम से जाना जाने लगा। इस आश्रम में बीटल्स बैंड के सदस्य आकर रुके थे।



# मनाली घूमने का बना रहे प्लान तो इन बातों का रखें ध्यान, ट्रिप में नहीं होगी कोई परेशानी

मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के एहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

## इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं।

यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं।

बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ये जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं।

वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अद्भुत संगम है डलहौज़ी

डलहौज़ी एक ऐसा स्थल है जहाँ प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और शांति का अनोखा मिश्रण देखने को मिलता है। यहाँ की वादियाँ, झीलें, जलप्रपात और दूर-दूर तक फैले पहाड़, किसी चित्रकार की कल्पना जैसे प्रतीत होते हैं।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित डलहौज़ी एक सुंदर और शांत पहाड़ी स्थल है, जो अपनी ठंडी जलवायु, हरे-भरे देवदार के जंगलों, और औपनिवेशिक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। समुद्र तल से लगभग 1,970 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह शहर 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा स्थापित किया गया था और आज भी अपने ब्रिटिश युग की विरासत को सहेजे हुए है।

डलहौज़ी की विशेषताएँ

डलहौज़ी एक ऐसा स्थल है जहाँ प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और शांति का अनोखा मिश्रण देखने को मिलता है। यहाँ की वादियाँ, झीलें, जलप्रपात और दूर-दूर तक फैले पहाड़, किसी चित्रकार की कल्पना जैसे प्रतीत होते हैं। यह स्थल उन यात्रियों के लिए आदर्श है जो भीड़-भाड़ से दूर, सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

## प्रमुख दर्शनीय स्थल

**1. खजियार - भारत का 'मिनी स्विट्ज़रलैंड'**

डलहौज़ी से लगभग 22 किमी दूर स्थित खजियार एक छोटा सा पठार है, जिसे घास के मैदान, झील और देवदार के पेड़ों से घिरा हुआ माना जाता है। यहाँ की खूबसूरती और खुला मैदान बच्चों और फोटोग्राफरों को बेहद पसंद आता है।

**2. कालाटोप वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी**

यह जंगल क्षेत्र वन्य जीव प्रेमियों और ट्रेकिंग करने वालों के लिए आदर्श स्थान है। यहाँ से धौलाधार पर्वतमाला के अद्भुत दृश्य दिखाई देते हैं।

**3. पंचपुला**

डलहौज़ी के पास स्थित यह जलप्रपात गर्मियों में बेहद लोकप्रिय होता है। यहाँ की ताजगीभरी हवा और पानी की कलकल ध्वनि मन को शांति देती है।

**4. सुभाष बाओली**

यह एक शांत जगह है जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस कुछ समय के लिए ठहरे थे। यह स्थान घने पेड़ों और पानी के झरनों से घिरा है।

5. **सेंट जॉन और सेंट फ्रांसिस चर्च**

ब्रिटिश काल में बनी ये चर्चें औपनिवेशिक वास्तुकला की सुंदर मिसाल हैं और पर्यटकों को अतीत से जुड़ने का अवसर देती हैं।

डलहौज़ी में क्या करें?

ट्रेकिंग और नेचर वॉक

फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग

लोकल हस्तशिल्प और ऊनी वस्त्रों की खरीदारी

हिमाचली व्यंजनों का स्वाद लेना (मदरा, चना मसर, सीडू आदि)

ध्यान और योग के लिए एकांत वातावरण का लाभ उठाना

यात्रा का सर्वोत्तम समय

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडी और सुहावनी जलवायु के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- हरियाली और पर्वतीय शांति के लिए आदर्श।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए स्वर्ग समान।

कैसे पहुँचे डलहौज़ी?

हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा पठानकोट (लगभग 75 किमी) है।

रेल मार्ग- निकटतम रेलवे स्टेशन पठानकोट है, जहाँ से टैक्सी या बस के माध्यम से डलहौज़ी पहुँचा जा सकता है।

सड़क मार्ग- डलहौज़ी हिमाचल और पंजाब के प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा है।

डलहौज़ी उन यात्रियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है जो शहर की भीड़-भाड़ और तनाव से दूर, पहाड़ों की गोद में कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं। यहाँ का हर कोना एक अलग कहानी कहता है — कभी औपनिवेशिक इतिहास की, कभी प्रकृति की, और कभी आत्मिक शांति की।



## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

**दुबई।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ी छाये हुए हैं। इसमें शीर्ष 10 में से छह भारतीय हैं जिनमें तीन बल्लेबाज शामिल है। इसमें तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा हैं। बल्लेबाजों में तिलक वर्मा ताजा रैंकिंग में एक स्थान ऊपर आकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। सूर्यकुमार छठे स्थान पर फिसल गए हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में रहस्यममीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती तीसरे और रवि बिश्नोई सातवें नंबर पर हैं। तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह अपने ही साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर बने हुए हैं।

### इंग्लैंड के आदिल ने रैंकिंग में हसरंगा, वरुण को पीछे छोड़ा

**साउथेम्प्टन।** इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद के पास आईसीसी पुरुष टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचने का अच्छा अवसर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन से वह रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आदिल ने सीरीज में 4 विकेट लिए थे। आदिल ने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और भारत के वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ा है। उनकी रेटिंग 710 है, जो कि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब 723 से पीछे है। आदिल के साथी ब्रायडन कार्स को भी वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी का लाभ मिला है और वह अंतिम दो मैचों में 2 विकेट लेने के साथ ही 16 पायदान की छलांग लगाकर 52वें (493) स्थान पर पहुंच गए हैं।

### पूरन के बाद कुछ और खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास: सैमी

**जमैका।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा है कि निकोलस पूरन के बाद कई अन्य क्रिकेटटर भी संन्यास ले सकते हैं। पूरन ने 29 साल की उम्र में ही लीग क्रिकेट खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्हें अमेरिकी क्रिकेट लीग में एक फ्रैंचाइजी ने कप्तान भी बना लिया। सैमी के अनुसार ये यह घटना वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए एक बड़ी चुनौती को बता रही है। पिछले कुछ सप्ताह में कई स्टार खिलाड़ियों ने खेल को अलविदा कहा है। सैमी का मानना है कि आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज पूरन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेना खिलाड़ियों को अपनी राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित रखने में रही रही चुनौती को साबित करता है।

### विराट कोहली सहित अधिकतर क्रिकेटर आज दाढ़ी में दिखते है

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कॉलिन अपने लुक को लेकर अधिक चर्चाओं में रहे

**सिडनी, एजेंसी।** आम तौर पर क्रिकेटर अपने खेल के साथ ही अपने लुक को भी लेकर चर्चाओं में रहते हैं। क्रिकेटर्स के लुक और उनकी हेयरस्टाइल हमेशा से छायी रहती है। आजकल अधिकतर क्रिकेटर स्टायलिश दाढ़ी में नजर आते हैं। विराट कोहली सहित अधिकतर क्रिकेटर आज दाढ़ी में दिखते है। वहीं कई साल पहले एक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कॉलिन मिलर हर मैच में अपने बालों के बदले रंग और स्टाइल के कारण गेंदबाजी से अधिक बालों को लेकर आकर्षण का केन्द्र बने थे।


कोलिन एक ऑफ-ब्रेक गेंदबाज थे जो लंबे रन अप के साथ गेंदबाजी करते थे और जरूरत पड़ने पर उन्होंने कई बार नई गेंद की जिम्मेदारी भी संभाली, इस गेंदबाज ने साल 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह अपने समय के सबसे



प्रभावशाली स्पिनरों में से एक थे।

कोलिन अपने रंगीन हेयरस्टाइल के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने कई बार अपने बालों को नीला, गुलाबी और अन्य रंगों में रंगा, जो उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन गया था। उनका यह अंदाज क्रिकेट जगत में एक नई पहचान बन गया था। कोलिन का योगदान केवल उनके खेल तक सीमित नहीं था। उन्होंने क्रिकेट जगत में अपनी अनूठी शैली और व्यक्तित्व के माध्यम से एक नई पहचान बनाई। उनके रंगीन हेयरस्टाइल और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें एक विशेष स्थान दिलाया। एक मैच के दौरान, मिलर ने अपने बालों को नीला रंगवाया और वेस्ट इंडीज के दिग्गज गेंदबाज कोर्टनी वॉल्श का ध्यान भंग कर दिया। वॉल्श मिलर के बालों के रंग को देखकर लगातार हंसते रहे जिसकी वजह से मैच थोड़ी देर के लिए रुक गया था। मिलर के लुक के उस समय के कप्तान स्टीव वॉ भी फैन थे. एक बार मिलर को इंग्लैंड में रानी से मिलने का अवसर मिला। रंगीन हेयरस्टाइल के कारण उन्हें रानी से मिलने में संकोच हुआ थे।

लंबे रनअप के साथ तेज ऑफ स्पिन करने वाले कॉलिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 18 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेले। उनकी गेंदबाजी शैली में विविधता और बल्लेबाजी में आक्रामकता ने उन्हें एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाया। उनकी गेंदबाजी में ऑफ स्पिन और मध्यम गति दोनों का मिश्रण था, जो बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित होता था। कोलिन मिलर का क्रिकेट के प्रति उनका जुनून, मैदान पर उनका अनोखा अंदाज और रंगीन हेयरस्टाइल उन्हें हमेशा यादगार बनाए रखेंगे।



लंदन में महिलाओं के युगल क्वार्टर फाइनल में खेलती हुई ब्रिटेन की इमा रेडूकाने।

### महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में हासिल किया तीसरा स्थान

# सिफत कौर सामरा ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्वालीफिकेशन में सिफत ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सत्र की शानदार शुरुआत हुई।

भारत की शीर्ष निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एमिली 590 अंक के




साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। क्वालीफिकेशन में सिफत ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सत्र की शानदार शुरुआत हुई।

फ्रांस की अगाथे सेसिल कैमिली गिरार्ड ने भी क्वालीफिकेशन में 592 अंक हासिल किए लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से (एक्स) में अधिक निशाने के कारण शीर्ष पर रहीं। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट क्वालीफिकेश में तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य भारतीयों में आशी चौकसे क्वालीफिकेशन में 589 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहीं जबकि अंजुम मौदगिल ने 586 अंक के साथ 27वां स्थान हासिल किया।

# शुभमन इंग्लैंड में अच्छी कप्तानी करते हैं तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा:पुजारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि नये कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड दौरा आसान नहीं होगा। पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड के अलग हालातों में अगर वह भारतीय टीम को जीत दिलाने में सफल रहे तो इससे उनका और टीम का मनोबल काफी बढ़ जाएगा जिससे लाभ आगे भी होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन को मिली है। पुजारा ने कहा, जब आप कप्तान के तौर पर विदेश जाते हैं, तो चाहे आप युवा हों या परिपक्व, यह चुनौतीपूर्ण होगा। इंग्लैंड में शुरुआत करना आसान नहीं होता है पर यह एक युवा खिलाड़ी के लिए शानदार अवसर है। अगर वह इंग्लैंड में अच्छी कप्तानी करते हैं तो इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। पुजारा ने कहा, उन्हें अनुभवी जसप्रीत बुमराह से पहले यह जिम्मेदारी इसलिए दी गई है क्योंकि बुमराह काम के बोझ और फिटनेस की परेशानियों के कारण सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा, ''इसलिए अगर



ऐसे में युवा शुभमन को जिम्मेदारी दी गई है तो टीम प्रबंधन और चयनकर्ता चाहेंगे कि वह लंबे समय तक टीम की कप्तानी करें।'' उन्होंने शुभमन को कप्तानी और बल्लेबाजी को अलग रखने को कह। उन्होंने कहा, बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर काफी जिम्मेदारी रहेगी पर मुझे भरोसा है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है, वह इंग्लैंड में सफल होंगे। यह निश्चित रूप से उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे नहीं पता कि कप्तान होने के नाते वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे या नहीं पर एक बल्लेबाज के तौर पर उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के प्रयास किये हैं। वह हमेशा ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं, ऐसे में उनपर कप्तानी का दबाव आने की संभावना नहीं है।

## व्यापार समाचार

### बोले वाणिज्य मंत्री

# भारत का माल और सेवा निर्यात चालू वित्तीय वर्ष में 900 अरब डॉलर को पार कर सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण अनिश्चितताओं के बावजूद, देश का समग्र निर्यात 2024-25 में 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। 2023-24 में यह 778 बिलियन अमरीकी डॉलर था। इस बारे में देश के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का क्या कहना है, आइए जानते हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद 2025-26 के दौरान भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 900 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इजराइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण अनिश्चितताओं के बावजूद, देश का समग्र निर्यात 2024-25 में 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। 2023-24 में यह 778 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

उन्होंने कल रात भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा, हमने पिछले वर्ष 825 अरब डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है और इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच हम इस वर्ष निश्चित रूप से 900 अरब डॉलर के निर्यात को पार कर जाएंगे।



मंत्री दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपने स्वीडिश समकक्ष और कंपनियों से मिलने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं।

शीर्ष निर्यातकों के संगठन फियो ने अनुमान लगाया है कि देश का समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात 2025-26 के दौरान सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

स्वीडन के स्टॉकहोम में बोलते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत में जो अवसर, कौशल, क्षमता, मांग और निर्णायक नेतृत्व है- यह सब देखकर स्वीडिश कंपनियों को भी लगता है कि भविष्य भारत में है। 2047 तक आठ गुना बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था से हर कोई लाभ उठाना चाहता है।

### आयात शुल्क घटाने से खाने के तेल के गिरे भाव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खाने के तेलों के सीमा शुल्क में 50 फीसदी की कटौती का ऐलान किया है। कच्चे सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम ऑयल पर शुल्क को 20 फीसदी से 10 फीसदी कम कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क में अंतर 8.75 फीसदी से 19.25 फीसदी हो गया है। सरकार ने कंपनियों को अपने ग्राहकों को भी इस लाभ का हिस्सा बनाने का निर्देश दिया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव ने प्रमुख खाद्य तेल उद्योग संघों और उद्योग हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की, जिसमें शुल्क कटौती के फायदे को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। सरकार ने 31 मई को पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क में 50 फीसदी की कटौती कर इसे 20 से 10 फीसदी पर ला दिया था। अधिकारियों ने कहा, 19.25 प्रतिशत शुल्क का अंतर घरेलू रिफाइनिंग क्षमता उपयोग को प्रोत्साहित करने और रिफाइंड तेलों के आयात को कम करने में मदद करेगा। खाना पकाने वाले तेलों की कीमतें एक साल में 25 फीसदी से तक बढ़ी हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, वनस्पति तेल का भाव बुधवार को 155 रुपये लीटर था, जो एक साल पहले 126 रुपये था।

### देश में निजी खपत में गिरावट आई

# सरकार ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य किया हासिल, बीओबी की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में निजी खपत में मामूली गिरावट हुई है। हालांकि, सरकार ने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में भारत की निजी खपत में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत राजकोषीय घाटा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। अब वित्त वर्ष 2026 में इस अनुपात को कम करके 4.4 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

सरकारी उपभोग खर्च में आई सिकुड़न: रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक निजी उपभोग व्यय में वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वित्त वर्ष 2024 में दर्ज 6.2 प्रतिशत की वृद्धि से मामूली गिरवाट को दर्शाता है। इसके अलावा सरकारी उपभोग खर्च में भी सिकुड़न देखने को मिली। वित्त वर्ष 24 में यह 6.6 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 25 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई।

उपभोग मांग में दिखी मिली जुली तस्वीर: रिपोर्ट में बताया गया कि मई 2025 तक देश में उपभोग मांग में मिली-जुली तस्वीर देखने को मिली। इसमें कहा



गया कि गैर तेल गैर सोना और इलेक्ट्रॉनिक आयात में सुधार हुआ। वहीं ऑटो बिक्री, इस्पात खपत और बिजली की मांग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में धीमी गति देखी गई। कृषि क्षेत्र की बात करें तो सरकार ने खरीफ फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है।

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में आई गिरावट: वित्त वर्ष 2025 में कुल सरकारी खर्च संशोधित अनुमान (आरई) से कम रहा। कुल राजस्व व्यय 36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान 37 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम है। प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल 34.1 प्रतिशत की वृद्धि थी। वहीं, अप्रत्यक्ष कर वृद्धि पिछले साल के 6.3 प्रतिशत की तुलना में 4.3 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में कर राजस्व संग्रह में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है।

### वस्तु एवं सेवा निर्यात के 900 अरब डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद: गोयल

**स्टॉकहोम।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद 2025-26 में भारत के वस्तु एवं सेवा निर्यात के 900 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने बुधवार रात भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल से कहा ?कि हमने पिछले वित्त वर्ष निर्यात में 825 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया। वैश्विक उथल-पुथल के बीच हम चालू वित्त वर्ष में निश्चित रूप से निर्यात में 900 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएंगे।

### रेमंड अपना रियल एस्टेट कारोबार करेगा सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** रेमंड लिमिटेड अपने रियल एस्टेट कारोबार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करने पर ?विचार कर रहा है। कंपनी ने विकास अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस कारोबार को अलग किया है। रेमंड लिमिटेड ने सभी विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद रियल एस्टेट कारोबार को सफलतापूर्वक अलग कर दिया है और अब वह इंजीनियरिंग कारोबार पर ध्यान केंद्रित करेगी। रेमंड लिमिटेड ग्ररुप के एक मुख्य वित्तीय अधिकारी ने विश्लेषकों से कहा कि हमने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय को सफलतापूर्वक अलग कर लिया है और सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में हम रियल एस्टेट व्यवसाय को सूचीबद्ध कर देंगे। मुंबई स्थित रेमंड लिमिटेड देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है।

### अमेरिका व्यापार समझौतों की बढ़ सकती है समयसीमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका की व्यापारिक नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने की तैयारी का संकेत दिया है। ट्रंप ने बताया कि उनकी व्यापक टैरिफ नीति को लागू होने से पहले वे 9 जुलाई की समयसीमा को आगे बढ़ा सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने कहा कि वे 15 देशों के साथ व्यापार वार्ता चला रहे हैं, जिसमें दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ भी शामिल है। उन्होंने प्रत्येक देश से समझौता करने की स्थिति में हैं और मामले पर विचार करने के लिए समय देने के विकल्प का जिक्र किया।

# भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता भागीदारी

**आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में होगा आयोजन**

**नई दिल्ली, निप्र।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के भागीदारी करने की संभावना हैं। बयान के अनुसार, उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। आईईएसडब्ल्यू 2025 में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माताओं के आने का अनुमान है, जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा। भारत खुद को दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ई-3डब्ल्यू) बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले आईईएसडब्ल्यू 2025 कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, फिनलैंड, कनाडा, अमेरिका, इज़राइल और दक्षिण कोरिया के 150 से अधिक प्रमुख साझेदारों, प्रदर्शकों और 1,000 से अधिक कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। आईईएसए के अध्यक्ष ने कहा ?कि एसपीएमईपीसीआई एक क्रांतिकारी कदम है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औद्योगिक परिवर्तन के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा। आईईएसडब्ल्यू के माध्यम से हम विश्व स्तरीय नवाचारों और विदेशी निवेशों को देखेंगे जो हमारे उद्योग को आगे बढ़ाएंगे।

### मध्यमवर्गीय मरीजों को भी बेहतर इलाज दिलाने का संकल्प

# सिंहस्थ पूर्व इन्दौर की चारों दिशाओं में नए अस्पताल होंगे:डॉ. हसानी

**इन्दौर, एजेंसी।** शहर के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि सिंहस्थ 2028 के पूर्व इन्दौर शहर की चारों दिशाओं में सिविल अस्पताल स्थापित हो जाएँ ताकि आम जन को शासकीय अस्पतालों में बेहतर इलाज मिल सके।

डॉ. हसानी स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फिलहाल इन्दौर में पश्चिम क्षेत्र चन्दन नगर में जिला अस्पताल है। इस अस्पताल में भी वर्ष 2018 से धीमी गति से विकास कार्य चल रहा है। उनकी प्राथमिकता रहेगी कि जिला अस्पताल में शेष कार्य जल्द पूर्ण हों। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र



शुक्ला सिंहस्थ के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस किए हुए हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि 2028 के पूर्व राऊ, खजराना, स्कीम नं 78 में भी 200 बेड के सिविल अस्पताल स्थापित हो जाएँ ताकि महानगर की जनता को हर कौने में इलाज मिल सके।

डॉ. हसानी ने जानकारी दी कि जिले में स्वास्थ्य विभाग का बड़ा अमला है। स्वास्थ्य विभाग के पांच हजार कर्मचारी, दो हजार आशा कार्यकर्ता, महिला-बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के भी सैकड़ों कर्मचारी मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वन में संलग्न हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि मौजूदा स्टाफ से जिस तरह के नतीजे आना चाहिए उसमे कुछ कमी है, उनकी कोशिश रहेगी कि वे मौजूदा हालातों को सुधारें।

उन्होंने बताया कि इन्दौर में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, 70 शहरी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, तहसील स्तरीय पांच सामुदायिक अस्पताल, 134 उप-स्वास्थ्य केंद्र आदि के माध्यम से मरीजों को नि:शुल्क इलाज देने का कार्य जारी है।

डॉ. हसानी ने कहा कि निम्न वर्ग के लिए पांच लाख रु. तक नि:शुल्क इलाज का प्रावधान है लेकिन देखने में आया है मध्यमवर्गीय मरीज इलाज के लिए जब निजी अस्पतालों की चौखट पर चढ़ता है तो उसकी जमापूंजी खत्म हो जाती है और कई मर्तबा कर्जा भी लेना पड़ जाता है।

# कोलार में छात्रा की संदिग्ध मौत, छठी मंजिल से गिरकर गई जान

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कोलार इलाके में बीती रात विराशा हाईट्स की छठवीं मंजिल से एक स्कूली छात्रा संदिग्ध हालत में नीचे जा गिरी। उसे इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान होने के बाद ही पता चल पाएगा कि छात्रा किन कारणों से नीचे गिरी थी।

**जांच में जुटी पुलिस**

जानकारी के अनुसार विराशा हाईट्स कोलार रोड निवासी अंबिका सिंह (16) स्कूली छात्रा थी, जबकि उसके पिता एक टेलीकाम कंपनी में नौकरी करते हैं। बुधवार की रात वह कोचिंग से घर लौटी थी। उसके बाद वह बिल्डिंग की सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने लगी। दरअसल अंबिका रोजाना व्यायाम के लिए सीढ़ियों पर चढ़ती और उतरती थी। रात करीब दस बजे वह अचानक बिल्डिंग की छठवीं मंजिल से नीचे जा गिरी, जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे इलाज के लिए चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अभी परिजनों के बयान नहीं हो पाए हैं। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि छात्रा किन परिस्थितियों में नीचे गिरी थी।

## रातीबड़ में युवक की मौत

इधर रातीबड़ इलाके में छत से गिरकर घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिलीप विश्वकर्मा (30) मूलत- सिवनी के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह रातीबड़ में रहने वाली अपनी साली के घर किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इस दौरान वह मकान की छत से नीचे गिरकर घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दिलीप ने दम तोड़ दिया।

### कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# प्रदेश के 12 जिलों में लू का प्रकोप



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ आंधी-बारिश का मौसम भी चल रहा है। प्रदेश के कई जिलों में उमस वाली गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। शुक्रवार को उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू का अलर्ट है। साथी कई जिलों में आंधी बारिश का भी अनुमान लगाया गया है। प्रदेश में 15 और 16 जून को भारी बारिश का अलर्ट है। दक्षिणी हिस्से के पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, खंडवा में 24 घंटे में ढाई से 4.5 इंच तक बारिश हो सकती है। इसी दौरान मानसून भी प्रदेश में एंटर हो जाएगा।

**14-15 जून को मध्य प्रदेश में इंटर हो सकता है मानसून :** मानसून पिछले 15 दिन से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई है। हालांकि, अब मानसून के सक्रिय होने की हल चल तेज हुई है। ऐसे में मौसम विभाग ने 14-15 जून को मध्य और पूर्वी भारत के हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के एंटर होने की संभावना जताई है। मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ।

**प्रदेश में दो तरह के मौसम**

मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन से दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। दिन में भीषण गर्मी का असर है, जबकि रात में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। गुरुवार को इंदौर में शाम को तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं, बुरहानपुर, बैतूल, रतलाम, उज्जैन, धार, विदिशा, सागर, रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, शाजापुर, राजगढ़, गुना, ग्वालियर, भोपाल, आगर-मालवा, देवास, सीहोर और खंडवा में भी मौसम बदला रहा। इंदौर में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। ग्वालियर, मुरैना, धार समेत कई जिलों में भी बारिश वाला मौसम रहा।

### अहमदाबाद विमान हादसे

# मुख्यमंत्री के जबलपुर और इंदौर में आयोजित आज के कार्यक्रम स्थगित

भोपाल ■ अमृत दर्शन



अहमदाबाद विमान हादसे से पूरा देश शोक में डूबा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जबलपुर और इंदौर में आयोजित अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हुई यात्रियों की मृत्यु से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को जबलपुर और इंदौर में आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर रहा हूं। दुर्घटना में अपनों को खोने वाले परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बता दें सीएम शुक्रवार को लाड़ली बहनों के खाते में राशि डालने वाले थे और इंदौर में एक कार्यक्रम शामिल होने वाले थे। हालांकि आज मुख्यमंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग और मेट्रो के काम की समीक्षा बैठक लेंगे। वहीं, इस त्रासदी को देखते हुए मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने संवेदना व्यक्त करते हुए शुक्रवार तक सभी संगठनात्मक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। हालांकि, नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 14 से 16 जून तक निर्धारित सांसद-विधायकों का प्रशिक्षण शिविर पूर्व नियोजित समय अनुसार जारी रहेगा।

# शहरों के बाद 15 जिलों में गांव-गांव जाएंगे वॉलिंटियर

**भोपाल।** बारिश का महीना शुरू होते ही मच्छर जनित बीमारियां डेंगू, मलेरिया के केस बढ़ने लगते हैं। इसे लेकर विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। प्रदेश के चार जिले हरदा, आगर-मालवा, विदिशा और शाजापुर में मलेरिया के केस जीरो हो गए हैं। यह विभाग की बड़ी उपलब्धि है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मलेरिया को कंट्रोल करने की प्लानिंग की गई है। शुरुआती दौर में एंबेड परियोजना के सहयोग से प्रदेश के 15 जिलों के प्रत्येक गांव में एक-एक वॉलिंटियर भेजे जाएंगे। ये वॉलिंटियर गांव में लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगे और जिस क्षेत्र में लार्वा पाया जाएगा वहां हफ्ते में एक बार पहुंच कर इसे कंट्रोल करने का काम करेंगे। गावों में मच्छर जनित बीमारियों को कंट्रोल करने के लिए एंबेड परियोजना फैमली हेल्थ इंडिया के सहयोग से प्रदेश के 15 जिले शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, विदिशा, भोपाल, जबलपुर, नीमच, रीवा, सिवनी और इंदौर के गांवों में वॉलिंटियर भेजे जाएंगे।

# आबकारी टीम की कार्रवाई: कार की डिग्गी में मिली 16 पेटी शराब



**भोपाल।** शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी टीम की लगातार दूसरे दिन कार्रवाई हुई। टीम ने हबीबगंज ब्रिज के पास कार सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। जबकि चालक भाग निकला। कार से 16 पेटी शराब बरामद हुई है। कार सहित शराब की कीमत 8.66 लाख रुपए बताई जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि यह कार्रवाई गुरुवार तड़के 4 बजे अंजाम दी गई। आबकारी कंट्रोल आरजी भदौरिया के नेतृत्व में टीम ने हबीबगंज इलाके में तस्कर की घेराबंदी की। टीम को देखते ही तस्कर ने कार दौड़ा दी। टीम ने उसका पीछा कर कार रुकवाई। इस बीच चालक भाग निकला। कार सवार की पहचान रोहित ओसवाल के रूप में हुई। तलाशी लेने पर कार से 16 पेटी शराब मिली। पूछताछ में आरोपी रोहित ने बताया कि तस्कर सागर जाटव वाहन चला रहा था। वह लंबे समय से शराब की तस्करी कर रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दी गई है।

### 'कभी नाले की सफाई कभी खंबे पर चढ़ाई तो कभी चप्पलों का त्याग',

# कांग्रेस ने प्रद्युम्न तोमर को बताया इवेंट मंत्री

भोपाल ■ अमृत दर्शन

अक्सर सुर्खियों में रहने वाले मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एक बार फिर चर्चाओं में हैं। इस बार मंत्रीजी ने बढ़ती विभागीय शिकायतों के साथ निराकरण में देरी से परेशान होकर कॉल सेंटर खोला है। मंत्री ने 0755-4344299 नंबर भी जारी कर दिया है। इस कवायद को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर करारा हमला बोला हैं।

कांग्रेस नेता फिरोज ने आगे कहा कि सरकार के ही मंत्री सरकारी व्यवस्था की पोल खोल दी है। लेकिन, यह पोल उस मंत्री ने खोली जिन्हें जनता इवेंट मंत्री के नाम से जानती है। कभी नाले की सफाई, तो कभी खंबे पर चढ़ाई तो कभी चप्पलों का त्याग। यह भी मंत्री का नया इवेंट है। हकीकत में सरकार को इस इवेंट से सीख लेते हुए प्रदेश की त्रस्त जनता को राहत देनी चाहिए।



**सीएम हेल्पलाइन ही हेल्पलेस- कांग्रेस**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता फिरोज सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि राज्य में शिकायतों के तमाम मंच वेंटिलेटर पर हैं। प्रदेश सरकार का शिकायतों के दर्ज कराने के साथ समाधान का सबसे बड़ा प्लेटफार्म सीएम हेल्पलाइन ही हेल्पलेस साबित हो चुकी है। इसके अलावा प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई सिर्फ अफसरों के फोटो खिंचवाने का एक जरिए है तो विभागीय टोल फ्री नंबर सिर्फ दिखावा है। लिहाजा इनका नाम परिवर्तन कर डेड नंबर रख देना चाहिए।

## सियासी नसीहत पर बीजेपी ने बोला हमला

वहीं कांग्रेस की सियासी नसीहत पर बीजेपी ने हमला बोला हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शिवम शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को एसी वाले ड्राइंग रूम पालिटिक्स ही रास आती है। जब-जब सकारात्मक कदम हमारे जन प्रतिनिधियों के दिखाई दिए कांग्रेस की नींद उड़ी और नकारात्मक जुबानी खर्च सामने आने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंत्री और विधायक का यह कर्तव्य है कि कैसे जनता को बेहतर से बेहतर सेवाएं दी जाएं। समर्पण का यह भाव ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर में अक्सर दिखाई देता है।

# लीवर की देखभाल को बनाएं प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** विकसित भारत के साथ-साथ स्वस्थ भारत का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यकृत स्वस्थ रहेगा, तो जीवन भी स्वस्थ रहेगा और जब जीवन स्वस्थ होगा, तब परिवार, समाज और पूरा प्रदेश भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने 'ग्लोबल फैटी लीवर दिवस' पर सागर से वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पद्म भूषण डॉ. शिव कुमार सरीन, निदेशक, इंस्टीटयूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली भी वी.सी. में जुड़े। उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 'ग्लोबल फैटी लीवर डे' केवल एक दिवस नहीं है।




भोपाल। आज हज यात्रा पूरी करने के पश्चात हाजी यात्री भोपाल लौटे। इस अवसर पर राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर उनके परिजनों के द्वारा पहुंचकर उनका हार फूल से स्वागत किया।

# डेढ़ लाख संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश के डेढ़ लाख संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन में 2.94 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वित्त विभाग ने गुरुवार शाम को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। संविदा कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ 1 अप्रैल 2025 से मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के 22 जुलाई 2023 के सर्कुलर के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट पर यह वृद्धि 2.94 प्रतिशत तय की गई है। यानी अब हर अधिकारी और कर्मचारी को 31 मार्च 2025 की स्थिति में मिल रहे वेतन में 1 अप्रैल 2025 से 2.96 प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, राजस्व मंडल अध्यक्ष, सभी कलेक्टरों को वेतनवृद्धि के निर्देश जारी किए।



मध्य प्रदेश संविदा अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर का कहना है कि प्रदेश में संविदा पर काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी का न्यूनतम वेतन 12 हजार से लेकर 65 हजार रुपए प्रति माह तक है।

इसमें दो महीने से वृद्धि नहीं किए जाने पर उनके द्वारा शासन के संज्ञान में यह मामला लाया गया था। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 3.78 प्रतिशत की गई थी। संविदा वर्ग को उम्मीद थी कि इस बार सरकार 4 प्रतिशत तक की वृद्धि कर लाभ देगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है।

**महंगाई भत्ते के आधार पर मिले वेतन वृद्धि**

राठौर ने कहा कि आज जो वृद्धि की गई है, उससे कर्मचारियों को 300 रुपए से 1500 रुपए तक की वेतन वृद्धि मिलेगी, जो नाम मात्र है। पहले यह वृद्धि दो हजार से आठ हजार तक होती थी। इसलिए सरकार से मांग है कि जैसे पहले संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता मिलता था, वैसे ही महंगाई भत्ता दिया जाए।



# जनजाति आयोग के अध्यक्ष आर्य ने किया पुस्तक का विमोचन

**भोपाल।** अध्यक्ष राष्ट्रीय जनजाति आयोग नई दिल्ली और पूर्व जेल मंत्री मध्यप्रदेश शासन अंतर सिंह आर्य ने जेलोत्कर्ष पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक गोपाल ताम्रकार पूर्व जेल अधीक्षक हैं। यह पुस्तक श्री ताम्रकार के 33 वर्षों के जेल अधीक्षक के रूप में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिला एवं केन्द्रीय जेलों की पदस्थापना के सहभागी अवलोकन और अनुभवों पर आधारित है। अध्यक्ष जनजाति आयोग श्री आर्य ने बताया कि पूर्व जेल अधीक्षक श्री ताम्रकार ने लगभग 10 वर्षों के उनके बतौर जेल मंत्री कार्यकाल में अनेक अभिनव सुधारात्मक प्रयोग किए थे। श्री ताम्रकार को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 में मानव अधिकार और जेल प्रबंधन'' विषय पर मास्टर ट्रेनर के रूप में लंदन भेजा गया था। श्री ताम्रकार को सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 2 बार राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। पूर्व जेल अधीक्षक श्री ताम्रकार ने बताया कि 33 वर्षों के जेल यात्रा के अनुभवों को 11-11 वर्षों के अनुभव पर आधारित तीन भागों में पुस्तक लेखन किया गया। वर्ष 2021 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद पाया कि जेल के अनुभवों पर के अनुभवों पर पुस्तक लेखन का निर्णय लिया। यह पुस्तक जेलों की स्थिति, विकास यात्रा और भावी योजनाओं का संकलन है। बंदियों को सामाजिक अवशेष मानकर उसे समाज के लिये पुन- उपयोगी बनाने की प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया गया है।




भोपाल। आज हरित अमृत महोत्सव के अंतर्गत रविंद्र भवन स्थित हाल में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने इसकी जानकारी दी। स्टॉल पर अपनी वेलफेयरसोसाइटी के फाउंडर मेंबर विजय गुप्ता जानकारी देते हुए।

### कोर्ट में पेश पुलिस के चालान में हुआ खुलासा

# भोपाल लव जिहाद: छात्राओं से हैवानियत का फरहान ही मास्टरमाइंड

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र के कोकता के पास स्थित निजी कॉलेज की छात्राओं को दोस्ती के नाम पर पहचान कर अपने प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने और हिंदू धर्म के खिलाफ अपशब्द कहते हुए ब्लैकमेल कर युवतियों को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में भोपाल पुलिस ने पहचान चालान पेश किया है।

बागसेवनिया थाना पुलिस ने 12 अप्रैल को बैतूल निवासी दो सगी बहनों की शिकायत पर छोटा चंबल निवासी फरहान खान और साहिल के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में बागसेवनिया थाना पुलिस ने पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश नीलम मिश्रा की अदालत में चालान प्रस्तुत कर दिया है। दोनों पीड़िताएं सगी बहनें हैं और बड़ी बहन फरहान के साथ उसी निजी कॉलेज में पढ़ती थी, जबकि छोटी बहन स्कूली छात्रा थी। पहले फरहान ने बड़ी बहन के साथ जहांगीराबाद स्थित उसी कॉलेज के छात्र रहे हामिद के कमरे में दुष्कर्म किया था। इसके बाद साहिल ने भी युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। फरहान और उसके गिरोह के आरोपी युवतियों को ब्लैकमेल कर बदनामी से बचने धर्मातांतरण करने के लिए दबाव बनाते थे।



भोपाल पुलिस की ओर से प्रस्तुत चालान में खुलासा हुआ है कि फरहान और साहिल दोनों बारी-बारी से आए दिन कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म करते। उसे इस गिरोह के अन्य आरोपी नबील, अबरार के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करते। पीड़िता जब फरहान और साहिल के बुलावे पर नहीं जाती थी तो आरोपी उसके कमरे में आ जाते थे। चूंकि पीड़िता किराए के कमरे में रहती थी।

**कोर्ट में हुई थी पिटाई**

पुलिस द्वारा आरोपियों के चेहरों को भगवा कपड़ा में छुपाकर कोर्ट में पेश किए जाने से आक्रोशित वकीलों ने आरोपियों की जमकर पिटाई कर दी थी। कोर्ट परिसर में रात के 9 बजे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा था। 3 मई को अशोका गार्डन पुलिस ने आरोपी फरहान को ग्राम सरवर रातीबढ़ में एनकाउंटर में दायें पैर में गोली मार दी थी।

**अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस ने भी केस दर्ज किया**

मामला सामने आने के बाद आरोपी फरहान से पीड़िता अन्य छात्राओं ने भी उसके खिलाफ पुलिस थाना अशोका गार्डन और पुलिस थाना जहांगीराबाद में शिकायतें दर्ज कराई थीं। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस के आला अफसरों ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने फरहान और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल । मोबाईल नं. 9827054436 ।